

# दैनिक क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -55 जबलपुर, गुरुवार 27 मार्च 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### पत्रकारों के हित में रखी गई मांगों के निराकरण के लिये कमेटी गठित की जायेगी

# पत्रकार हैं लोकतंत्र के सच्चे सेनानी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### जन-जन तक सूचनाएं पहुँचाने का सबसे सशक्त माध्यम हैं पत्रकार- विधानसभा अध्यक्ष तोमर

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे सेनानी होते हैं। सरस्वती के साधक होने के साथ ही कड़ी मेहनत से सूचनाओं को आमजनों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुरैना जिला मुख्यालय पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के त्रिवर्षीय दो दिवसीय महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा पत्रकारों के हित में जो मांगें रखी गई हैं, उसके निराकरण के लिये शासन स्तर से एक कमेटी का गठन किया जायेगा। इस कमेटी में श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को शामिल कर पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण किया



जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हित में कार्य करने वाला बहुत पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया पत्रकारों के हित में निरंतर कार्य करते रहते हैं। उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में श्रमजीवी पत्रकार संघ कार्य कर रहा है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर, विधायक श्री दिनेश गुर्जर, सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष श्री भदौरिया, श्री आशीष अग्रवाल, पूर्व विधायक श्री बलवीर डण्डौतिया, श्रमजीवी पत्रकार संघ के ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रभारी श्री सुरेश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक श्री राजकुमार दुबे, जिला अध्यक्ष श्री रामशरण शर्मा एवं प्रदेश भर से आए पत्रकार साथी उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र की सबसे जागरूक कौम है। श्रमजीवी पत्रकार संघ मध्यप्रदेश का सबसे पुराना संगठन है। संगठन के अध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया के नेतृत्व में प्रदेश भर में पत्रकारों के हित में यह संगठन कार्य कर रहा है। पत्रकार साथी निरंतर कार्य कर महत्वपूर्ण सूचनाओं को आम जन तक पहुँचाने के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संगठन की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकार बीमा कराने की तिथि बढ़ाने की घोषणा की, जिसके कारण प्रदेश भर के पत्रकारों को लाभ हुआ है। उन्होंने इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्रकारों के हित में विभिन्न माँगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। श्री भदौरिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पत्रकारों के हितों के लिये इन मांगों को प्रदेश सरकार शीघ्र पूर्ण करे। कार्यक्रम में प्रदेश भर के जिलों से आए श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्षों ने भी अपनी-अपनी बात रखी।

### लोकसभा अध्यक्ष पर राहुल गांधी का आरोप

# मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा, विपक्ष के लिए कोई जगह नहीं

नई दिल्ली-(आरएनएस)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर निशाना साधते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है और यह कार्यवाही चलाने का सही तरीका नहीं है। राहुल गांधी ने मीडिया से कहा, मुझे नहीं पता कि क्या चल रहा है। मैंने उनसे अनुरोध किया कि मुझे बोलने दें, लेकिन वह (अध्यक्ष) निकल गए। सदन चलाने का यह कोई तरीका नहीं है। अध्यक्ष बस चले गए और उन्होंने मुझे बोलने नहीं दिया। उन्होंने मेरे बारे में कुछ निराधार बातें कहीं। उन्होंने सदन को स्थगित कर दिया, इसकी कोई जरूरत नहीं थी।



रायबरेली के सांसद ने कहा कि परंपरा यह है कि विपक्ष के नेता को सदन को संबोधित करने का मौका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब भी मैं खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता। हम जो कहना चाहते हैं, वह हमें नहीं करने दिया जाता। मैंने कुछ नहीं किया। मैं चुपचाप बैठा रहा। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा। मुझे 7-8 दिनों से बोलने नहीं दिया जा रहा है। यह एक नई रणनीति है। विपक्ष के लिए कोई जगह नहीं है। उस दिन प्रधानमंत्री ने कुंभ मेले के बारे में बात की, मैं कुछ जोड़ना चाहता था, बेरोजगारी के बारे में बोलना चाहता था, लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया गया। मुझे नहीं पता कि स्पीकर का दृष्टिकोण क्या है, लेकिन हमें बोलने नहीं दिया जा रहा है। यह काम करने का एक गैर-लोकतांत्रिक तरीका है। वहीं, लोकसभा के उपनेता गौरव गोगोई, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस सचेतक मणिकम टैगोर समेत कांग्रेस के लोकसभा सांसदों ने बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सदन में मौका न दिए जाने का मुद्दा उठाया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को गांधी से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सदस्यों से अपेक्षित प्रक्रिया के नियमों का पालन करने को कहा।

**हिरासत में रहकर संसद सत्र में शामिल होंगे इंजीनियर राशिद, पुलिस कस्टडी में जाएंगे लोकसभा**

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद को संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति दे दी, जिन्हें आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह और न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने निर्देश दिया कि राशिद हिरासत में संसद में भाग लेंगे और उन्हें सेलफोन या लैंडलाइन का उपयोग करने या मीडिया से बातचीत करने का अधिकार नहीं होगा।

# वो मर जाएगा, लेकिन झुकेगा नहीं..., पुष्पा स्टाइल में संजय राउत ने किया कुणाल कामरा का समर्थन

महाराष्ट्र-(आरएनएस)। कुणाल कामरा को बुधवार को शिवसेना नेता संजय राउत का समर्थन मिला। राज्यसभा सांसद ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कॉमेडियन के गद्दार वाले बयान को लेकर उठे विवाद के बीच अपना समर्थन व्यक्त किया। राउत ने कहा कि कलाकार कथित धमकियों से डरने या समर्पण करने की बजाय मरना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि कुणाल कामरा को कौन धमका रहा है और क्यों। कुणाल कामरा को मैं कई सालों से जानता हूं। वह ऐसे कलाकार नहीं हैं जो धमकियों से डर जाएं। वह झुकेगा नहीं। एएनआई ने राउत के हवाले से कहा, वह झुकने या डरने की



बजाय मरना पसंद करेंगे। जो लोग धमकियां दे रहे हैं, उन्हें जल्द ही अपने रास्ते पर चलना मुश्किल लगेगा। संजय राउत ने कुणाल कामरा विवाद पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी, जिन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि व्यक्ति इसका इस्तेमाल किसी दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं योगी जी की बात से सहमत हूँ -- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि लोग कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन कामरा ने क्या कहा? उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने महाराष्ट्र में हुई घटना पर व्यंग्य करते हुए टिप्पणी की।

# लोकसभा में क्या हुआ? स्पीकर की नसीहत पर क्यों नाराज हुए राहुल गांधी?

नई दिल्ली-(आरएनएस)। संसद की कार्यवाही के दौरान, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि उन्हें सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। उनकी टिप्पणी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उन्हें प्रक्रिया के नियमों का पालन करने के लिए कहने के बाद आई है, जिसका पालन सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए अपेक्षित है।

इस घटनाक्रम के बाद, कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और गांधी को सदन में बोलने का अवसर न दिए जाने का मुद्दा उठाया, जिसे कांग्रेस नेता के बोलने के लिए खड़े होने पर स्थगित कर दिया गया। आज दोनों सदनों में सामान्य कामकाज भी हुआ। राज्य सभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक पर चर्चा हुई।

लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक पर चर्चा की। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक के पारित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास होगा, रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत को सहकारी क्षेत्र का पहला विश्वविद्यालय मिलेगा।




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा कि वह नियमों और सदन की मर्यादा के अनुरूप आचरण करें, जिसको लेकर कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है और उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। बिरला ने शून्यकाल के बाद कहा कि कई पिता-पुत्री, माता-बेटी और पति-पत्नी इस सदन के सदस्य रहे हैं और इसी परिप्रेक्ष्य में नेता प्रतिपक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वह सदन के नियमों और परंपराओं के अनुरूप आचरण करेंगे। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''लोकसभा अध्यक्ष ने मेरे बारे में कुछ बोला। जब मैं खड़ा हुआ तो वह उठकर चले गए और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।'' उन्होंने दावा किया, ''जब भी मैं सदन में बोलने के लिए खड़ा होता हूं तो बोलने नहीं दिया जाता, जबकि यह परंपरा रही है कि नेता प्रतिपक्ष खड़ा हो तो उसे बोलने दिया जाए। पता नहीं किस प्रकार से सदन से चल रहा है।'

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में द्रमुक के एक सांसद की टिप्पणी पर नाखुशी जताते हुए कहा कि देश संविधान में निहित संघीय ढांचे से चलता है। प्रश्नकाल में द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने कहा कि ''क्या सरकार ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ कदम उठाने की अपनी नैतिक जिम्मेदारी को निभाने में हिचकिचा रही है।''

### सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणियों पर लगाई रोक

# 'वक्ष स्पर्श करना और पजामे का नाड़ा खोलना रेप नहीं जैसी बातें असंवेदनशील

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में की गई इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणियों पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने एक नाबालिग की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि वक्ष स्पर्श करना और पजामे का नाड़ा खोलना रेप नहीं है। ये टिप्पणियां सामने आने के बाद जबरदस्त प्रतिक्रियाएं आई थीं। महिला आयोग ने भी आपत्ति दर्ज करवाई थी। इसी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जहां हाई कोर्ट की टिप्पणियों को असंवेदनशील करार दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में की गई विवादास्पद टिप्पणियों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यवाही शुरू की। बुधवार को न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है और हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि फैसला सुनाने वाले जज की असंवेदनशीलता है।



क्या था मामला, क्या थी हाई कोर्ट की टिप्पणी हाई कोर्ट ने 17 मार्च को फैसला सुनाया कि केवल स्तन पकड़ना और पजामा का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध की श्रेणी में नहीं आता है, बल्कि ऐसा अपराध किसी महिला के खिलाफ हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करने के दायरे में आता है, जिसका उद्देश्य उसे निर्वस्त्र करना या नग्न होने के लिए मजबूर करना है।

### राहुल जैसे कुछ नमूने रहने चाहिए...; योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश-उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को %नमूना% बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राहुल जैसे कुछ नमूनों की जरूरत है ताकि रास्ता हमेशा साफ और बेहतर बना रहे। एएनआई को दिए गए एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की आलोचना करते हुए इसे भारत तोड़ो अभियान करार दिया। उन्होंने कहा कि यात्रा के पीछे राहुल गांधी के असली इरादे से हर कोई वाकिफ है।

# राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र पर सवाल, कांग्रेस ने कहा- वह अनुसूचित जाति वर्ग की नहीं

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कहा कि वह सतना जिले के जिस रैगांव विधानसभा का प्रतिनिधित्व करती हैं, वह अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सुरक्षित है, लेकिन बुंदेलखंड, महाकौशल और विंध्य क्षेत्र में रहने वाले बागरी जाति के लोग मूल रूप से ठाकुर (राजपूत) समुदाय से आते हैं।



राज्य स्तरीय छानबीन समिति और भारत सरकार भी इस संबंध में स्थिति स्पष्ट कर चुकी है। इसके बाद भी प्रतिमा ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनवाकर चुनाव लड़ा। कांग्रेस ने उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर जांच कराने और कार्रवाई की मांग की है। यह आरोप मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने लगाया है। उन्होंने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुए पत्रकार वार्ता बुलाकर कहा कि 2003 में राज्य सरकार ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि बुंदेलखंड, महाकोशल और विंध्य क्षेत्र में रहने वाले राजपूत बागरी समाज के लोगों को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी न किया जाए।

इसके बाद 2007 में भारत सरकार ने भी यह स्पष्ट कर दिया था कि राजपूत ठाकुर समुदाय के 'बागरी' जाति के लोग अनुसूचित जाति में शामिल नहीं हैं, इसलिए उन्हें अनुसूचित जाति वर्ग का प्रमाण पत्र नहीं दिया जाना चाहिए।

**सरकार ने कार्रवाई नहीं की तो कोर्ट में जाएंगे**

इसके बावजूद प्रतिमा बागरी को गलत तरीके से जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया। उन्होंने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ा और जीतकर मंत्री भी बन गईं। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार इस मामले की जांच करके कार्रवाई नहीं की तो न्यायालय की शरण ली जाएगी।

**कांग्रेस नेताओं को जानकारी का अभाव - प्रतिमा**

वहीं, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने अपने ऊपर लगे आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को जानकारी का अभाव है। वे पहले राजपत्र पढ़ लेते।

# भूपेश बघेल और आईपीएस अभिषेक पल्लव के घर रेड

रायपुर, भिलाई (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के यहां बुधवार की सुबह-सुबह सीबीआई की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ दबिश दी है। इन सभी के तार महादेव सट्टा से जुड़ा होना बताया जा रहा है। फिलहाल जांच चल रही है। अभी तक किस तरह की कार्रवाई हुई है यह जानकारी बाहर नहीं आ पाई है।

भिलाई तीन पदुम नगर स्थित भूपेश बघेल के निवास सहित भिलाई के ही सेक्टर 9 में पुलिस के बड़े अधिकारी डॉ. आनंद छाबड़ा, पूर्व एसपी दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव, दुर्गा के पूर्व एएसपी संजय ध्रुव के 32 बंगाल स्थित निवास पर टीम पहुंची हुई है। कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव के भिलाई स्थित घर पर भी छापा पड़ा है। विनोद वर्मा के घर भी टीम पहुंची है। इधर रायपुर में पुलिस अधिकारी शेख आरिफ, अभिषेक महेश्वरी और प्रशांत अग्रवाल के घर भी जांच की जा रही है।

इन सभी लोगों के महादेव सट्टा मामले

### पूर्व सीएम ने एक्स पर लिखा- अब सीबीआई आई है...



में पूर्व में नाम आ चुके हैं। इसमें भारी मात्रा में कैश लेनदेन की बात चर्चा में थी। दुर्ग के पूर्व एसपी अभिषेक पल्लव द्वारा प्रतिमाह 10 लाख रुपये लिए जाने की चर्चा थी। इसी तरह से पूर्व एसपी द्वारा 75 लाख रुपये प्रतिमाह लेने की बात सामने आ चुकी है। इन सभी मामलों को लेकर ही सीबीआई की टीम सुबह-सुबह पहुंची है। इन सभी लोगों के घरों में किसी को भी आने-जाने नहीं दिया जा रहा है।

सीडी कांड में रिवीजन पिटीशन

सीडी कांड मामले में सीबीआई ने रिवीजन पिटीशन दायर की थी। इस मामले में कोर्ट ने भूपेश बघेल को डिस्चार्ज किया था। 4 अप्रैल को रिवीजन पिटीसन की सुनवाई होनी है। सुनवाई से पहले सीबीआई की टीम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पहुंची है। इसके पहले प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने उनके घर पर छापा मारा था। 2,161 करोड़ के कथित शराब घोटाले के मामले में भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ जांच चल रही है। ईडी की कार्रवाई के दौरान कांग्रेस नेताओं ने बघेल के घर के बाहर जमा होकर विरोध किया था। आज भी प्रदर्शन की आशंका के चलते बाहर पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

भूपेश बघेल के एक्स पर पोस्ट, अब सीबीआई आई है

सीबीआई के छापे के बाद भूपेश बघेल के एक्स हैंडल पर उनके कार्यालय से एक पोस्ट किया गया। इनमें लिखा है, अब ष्टक्चढ्ढ आई है। आगामी 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली एआईसीसी की बैठक के लिए गठित %ड्राफ़्टिंग कमेटी% की मीटिंग के लिए आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। उससे पूर्व ही सीबीआई रायपुर और भिलाई निवास पहुंच चुकी है।

# अब वॉर किया जाएगा...केजरीवाल ने 'बदलता पंजाब' का लिया संकल्प, जानें किसे दी चेतावनी?

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राज्य के लिए 2.36 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें मादक पदार्थ की समस्या से निपटने और स्वास्थ्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से भी बयान सामने आया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पंजाब में हमारी सरकार ने नशे के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त युद्ध छेड़ा हुआ है। अब अगले चरण में नशे के बड़े सप्लायर्स पर वार किया जाएगा। नशे का एक भी विक्रेता या सप्लायर बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस, अकाली दल और बीजेपी की सरकारों में पंजाब को उन्होंने उड़ता पंजाब के नाम से बदनाम किया था। अब लोग मिलकर बदलता पंजाब बना रहे हैं।



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब का 2025-26 बजट एक नशामुक्त, स्वस्थ और समृद्ध पंजाब की ओर एक साहसिक कदम है! नशे के ख़िलाफ़ जंग, ग्रामीण विकास और खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर में अब तक का सबसे बड़ा निवेश। आम आदमी पार्टी की सरकार ज़मीन पर असली बदलाव ला रही है। अब उड़ता पंजाब नहीं, बदलता पंजाब होगा। अपने बजट भाषण के दौरान चीमा ने नशे की समस्या को रोकने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) नीत पंजाब सरकार के मादक पदार्थ रोधी अभियान के बारे में बात की। चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार नशे की व्यापकता, नशा मुक्ति केंद्रों के उपयोग आदि को समझने के लिए पंजाब में पहली बार मादक पदार्थ से जुड़ी गणना करने जा रही है।

त मान का दूरदर्शी नेतृत्व प्रेरक शक्ति का बड़ा योगदान रहा है। चीमा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल 2,36,080 करोड़ रुपये के बजट व्यय का प्रस्ताव रखा।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना माढ़ोताल में सुबह राजकुमार चौकसे उम्र 60 वर्ष निवासी कठौंदा आदि नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसाानी करता है वह अपने निर्माणाधीन मकान जिसमें फिटिंग तार, स्ट्राटर, नल, बल्व रखे हुये थे मकान में दरवाजा एवं खिड़की नही लगे हुये है दोनों मकान में गेट लगा हुआ है जो उपरोक्त दोनों मकानों के गेटों का ताला खोला एवं अंदर जाकर देखा मकान में रखे फिटिंग तार, स्ट्राटर, नल एवं बल्व नहीं थे कोई अज्ञात चोर गेट के उपर से कूंदकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 305( ए ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पूर्व एम.आई.सी. सदस्य संजय बघेल ने आगे आकर किया सम्पत्तिकर का भुगतान





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज संभाग क्रमांक 8 भानतलैया के अंतर्गत नगर निगम के पूर्व एम.आई.सी. सदस्य संजय बघेल ने शहर विकास में सहयोग प्रदान करते हुए अपना सम्पत्तिकर जमा किया। इस संबंध में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली



अभियान नगर निगम द्वारा वार्डवार एवं संभागवार चलाया जा रहा है। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि आज संभाग क्रमांक 8 भानतलैया के अंतर्गत पूर्व एम.आई.सी. सदस्य संजय बघेल के द्वारा सम्पत्ति कर के रूप में 14 हजार 4 सौ रूपये का चेक सौपा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार समस्त जनप्रतिनिधि भी आगे आकर समस्त बकाया करों की राशि जमा करें एवं करदाताओं से भी अपील करें कि समस्त बकाया करों की राशि 31 मार्च के पूर्व ऑनलाईन जमा कर विशेष छूट का लाभ उठाएँ। कार्यवाही के समय संभागीय अधिकारी मोहित नागर, राजस्व निरीक्षक देवनाथ राठौर, टी सी अरविंद सिंह, आनंद राव सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

# 12-12 ट्रिप चलाई जाएगी रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। यात्रियों की सुविधा हेतु समर में भीड़ को कम करने के लिए रेल प्रशासन द्वारा रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा के बीच साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 12-12 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के रीवा स्टेशन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होकर सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गंतव्य को जायेगी। स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे।

गाड़ी संख्या 02187 रीवा से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार दिनाँक 10 अप्रैल एवं 26 जून 2025 तक रीवा स्टेशन से दोपहर 15:50 बजे प्रारम्भ होकर सतना 16:55 बजे, मैहर 17:25 बजे, कटनी 18:05 बजे, जबलपुर 19:40 बजे, नरसिंहपुर 20:48 बजे, गाडरवारा 21:18 बजे, पिपरिया 21:53 बजे, इटारसी 23:20 बजे और अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00:22 बजे पहुँचकर, भुसावल भोर 04:00 बजे होते हुए और शुक्रवार दोपहर 12:20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुँचेगी ।

गाड़ी संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार दिनाँक 11 अप्रैल एवं 27 जून 2025 तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन से दोपहर 13:30 बजे प्रारम्भ होकर भुसावल रात 20:20 बजे पहुँचकर अगले दिन हरदा मध्य रात्रि 00:03 बजे, इटारसी 01:15 बजे, पिपरिया 02:13 बजे, गाडरवारा 02:48 बजे, नरसिंहपुर 03:23 बजे, जबलपुर भोर प्रातः 04:55 बजे, कटनी 06:10 बजे, मैहर 07:03 बजे, सतना 07:40 बजे और शनिवार को सुबह 09:45 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

ठहराव- यह गाड़ी रास्ते में दोनों तरफ सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, मनमाड़, नासिक रोड, कल्याण एवं दादर स्टेशनों पर रुकेगी।

नोट- रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी वेबसाइट से दिनाँक 27 मार्च 2025 से इस स्पेशल ट्रेन के आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

रेल यात्रियों से अनुरोध है कि स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं वेबसाइट से ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं।

# संस्कारधानी से चलने वाली अयोध्या कैंट स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि विस्तारित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन समर में यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली, जो वर्तमान में चल रही जबलपुर-अयोध्या कैंट-जबलपुर के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढाने का निर्णय लिया है। जिसके अनुसार गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-अयोध्या कैंट स्पेशल दिनांक 25 जून 2025 तक एवं गाड़ी संख्या 01702 अयोध्या कैंट-जबलपुर स्पेशल दिनांक 26 जून 2025 तक गन्तव्य के लिए अपने निर्धारित दिन एवं समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी। जिसका विवरण इस प्रकार है :

गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-अयोध्या कैंट साप्ताहिक (बुधवार) स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.03.2025 तक चलने वाली ट्रेन को 25 जून 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01702 अयोध्या कैंट-जबलपुर साप्ताहिक (गुरुवार) स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.03.2025 तक चलने वाली ट्रेन को 26 जून 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इस बढ़ी अवधि का लाभ पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना के स्टेशनों को भी मिलेगा।

अयोध्या स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच उपलब्ध रहेंगे। इन स्पेशल ट्रेन की बढ़ी हुई अवधि का रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से दिनाँक 27 मार्च 2025 से आरक्षण की सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं।

# वर्तिका काव्य पटल लोकार्पित सामाजिक जागरण की कविताएं

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। काव्य में समाहित भावनात्मक गहराई पाठकों को प्रेरित प्रभावित करती है। वर्तिका संस्था द्वारा रचनाकारों की कविताओं के काव्य पटल का प्रस्तुतिकरण सामाजिक जागरण की दिशा में महत्वर्पूण कदम है।

तदाशय के उद्गार कविवर श्री अभय तिवारी एवं कविवर श्री उमेश साहू ओज के काव्य पटल का लोकार्पण करते हुए कला वीथिका सभागार में अतिथियों ने व्यक्त किए।



समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य विजय तिवारी किसलय थे। अध्यक्षता कवयित्री श्रीमती निर्मला तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ बाल साहित्यकार श्री राजा चौरसिया पानउमरिया, श्रीमती आशा निर्मल जैन, डॉ.छाया सिंह, दीपचंद विनोदिया एवं छाया त्रिवेदी थीं।

प्रारंभ में वर्तिका के अध्यक्ष राजेश पाठक प्रवीण, संयोजक विजय नेमा अनुज ने काव्य पटल के महत्व के साथ अभय तिवारी एवं उमेश साहू ओज की रचनाधर्मिता पर प्रकाश डाला।

समारोह में डॉ. अरूणा पाण्डे, श्याम बैरागी, अखिलेश खरे, डॉ. राजेश ठाकुर नैनपुर, सुभाष शलभ, डॉ. सुरेन्दलाल साहू, सुशील श्रीवास्तव, शशिकला सेन, डॉ. सलमा जमाल की विशेष उपस्थिति रहीं।समारोह का संचालन संतोष नेमा एवं आभार यशोवर्धन पाठक ने व्यक्त किए।

समारोह के द्वितीय सोपान में काव्य गोष्ठी हुई, जिसमें डॉ. मुकुल तिवारी, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, प्रतिमा अखिलेश, सुशील जैन, ज्योति प्यासी, कुंजीलाल चक्रवर्ती, सहित अनेक कवियों ने काव्य पाठ किया।

**31 मार्च के पहले सभी व्यापारी कराएँ लाइसेंस नवीनीकरण - अन्यथा 1 अप्रैल से 100 प्रतिशत लगेगा अधिभार**

# नगर निगम से व्यापारी लाइसेंस लेकर ही करें स्वाभिमान के साथ व्यापार - निगमायुक्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार बाजार विभाग के माध्यम से शहर में स्वाभिमान के साथ व्यापार करने नए व्यापारियों के लिए लायसेंस बनाने तथा पुराने लायसेंस का नवीनीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। यह व्यवस्था नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों के साथ-साथ जार्ज टाउन स्कूल परिसर में लायसेंस एजेन्सी संचालक कार्यालय से भी किये जा रहे हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि नगर निगम से लायसेंस लेकर ही स्वाभिमान के साथ व्यापार करें और पुराने लायसेंस का 31 मार्च के पहले नवीनीकरण कराएँ और 100 प्रतिशत लगने वाला पेनाल्टी से बचें।

इस संबंध में उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने पेनाल्टी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च तक नवीन लायसेंस एवं लायसेंस नवीनीकरण में कोई पेनाल्टी नहीं लगेगी, 31 मार्च के बाद 1 अप्रैल से 100 प्रतिशत पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है। बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह ने व्यापारियों से लाइसेंस लेकर ही व्यापार करने और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचने अपील की है।

**2880 करदाताओं ने आज लिया छूट का लाभ**

जबलपुर। नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ करने तथा लक्ष्य के अनुरूप राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार वसूली अभियान की समीक्षा कर रहीं हैं और राजस्व अमले को निर्देश भी दे रहीं हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देश पर निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं राजस्व की टीम लगातार मैदान में उतरकर करदाताओं से बकाया करों की राशि जमा करने सम्पर्क बनाकर रखे हैं। उपायुक्त श्री सनखेरे ने बताया कि आज 2880 करदाताओं ने बकाया राशि निगम खजाने में जमा की है। उन्होंने बताया कि 160 करदाताओं ने बकाया करों की राशि ऑन लाईन जमा कर अधिभार में विशेष छूट का लाभ उठाया है। उन्होंने समस्त करदाताओं से 31 मार्च के पूर्व अपनी बकाया करों की राशि ऑनलाईन जमा कर अधिभार में विशेष छूट का लाभ उठाने अपील की है। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी।

# रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल पर ब्रिजों के अनुरक्षण कार्य वर्तमान में भी प्रगति पर है जिसके चलते यहाँ से गुजरने वाली कुछ गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त रहेगी। जिसकी विस्तृत जानकारी निम्न है।

1) गाड़ी संख्या 11756 रीवा से नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से दिनाँक 01 अप्रैल से 30 मई 2025 तक निरस्त रहेगी।

2) गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से रीवा एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से दिनाँक 02 अप्रैल से 31 मई 2025 तक निरस्त रहेगी । यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

# अधिवक्ताओं ने कराया रोज़ा अफ्तार, शांति सद्भव की मांगी गई दुआ



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। /मुस्लिम धर्मावलंबियों के पवित्र माह रमजान के चलते पच्चीस वें रोजे को पीएसएम मस्जिद में मुस्लिम अधिवक्ताओं एवं सिविल कोर्ट के कर्मचारियों के द्वारा विशाल अफ्तार ए आम का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने सामुहिक रूप से मिलकर अफ्तार किया। अफ्तार के उपरांत मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और मुल्क हिंदुस्तान में अम्नो और शांति की दुआएं मांगी गईं।

इस अवसर पर अधिवक्ताद्वय सलीम खान, शेख मंजूर, एस एम मंसूरी, बहार अंसारी, मो. अल्तमस, हाजी मुईन खान, मुज्जफर हुसैन, नईम अहमद, इरशाद अहमद, नज़र पहलवान, मुईन रज़ा, एस डी खान, निज़ामुद्दीन, अकील अंसारी, कदीर खान, शाहिद खान, तौसीफ खान, अकबर उस्मानी सहित हजारों रोजेदार उपस्थित थे। तदोपरांत अधिवक्ताताओ व कर्मचारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रताडित करने वाले आरोपी पति के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना रांझी में रश्मि गिरी उम्र 33 वर्ष निवासी तुलसीनगर मानेगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी वर्ष 2018 में तुलसीनगर मानेगांव निवासी ऋषि पुरी गोस्वामी से हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी शादी के बाद से ही पति शराब पीकर आये दिन गाली गलौज कर मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है। दिनांक 23-3-25 को रात लगभग 11-30 बजे गिलास मांगने की बात पर उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की जिससे उसे वायें आंख के नीचे चोट आयी। रिपोर्ट पर धारा 85 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/267 दिनांक 25.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री पंकज शर्मा, श्री नीरज शर्मा एवं जलज अघरूज उर्फ शर्मा, पिता-स्व. श्री मूलचंद शर्मा** ने मकान नं. 1696 ध **वार्ड चेरीताल वार्ड,** भूतल 140 व.फु., प्रथमतल 372 व.फु., **विक्रयपत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/265 दिनांक 24.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मनीषा जैन, पति- श्री संतोष कुमार जैन** ने मकान नं. फ्लैट नं.2 **वार्ड जय प्रकाश नारायण वार्ड,** द्वितीयतल 1528 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 460 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1.**श्रीमती माधुरी बाई, पति- स्व. श्री कौड़ी लाल विश्वकर्मा, 2. श्री रामनारायण विश्वकर्मा, 3.राजेश्वरी शर्मा, दोनों के पिता- स्व. श्री कौड़ी लाल विश्वकर्मा** ने मकान नं. 410/8 सम्पत्ति पिन नं. 1000605666 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1261 व.फु., प्रथमतल 1261 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, न्यायालय आदेश** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 459 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री नितिन पाठक, पिता- स्व. श्री इन्द्र कुमार** ने मकान नं. 2433 सम्पत्ति पिन नं. 1000527580 **वार्ड वीरेन्द्रपुरी वार्ड ,** भूतल 343 व.फु., प्रथमतल 343 व.फु., द्वितीयतल 343 व.फु., **विक्रयपत्र, शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 458 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री आशीष कुमार पाठक, पिता- स्व. श्री इन्द्रकुमार पाठक** ने मकान नं. 2433 का भाग सम्पत्ति पिन नं. 1000527580 का भाग **वार्ड वीरेन्द्रपुरी वार्ड ,** भूतल 343 व.फु., प्रथमतल 343 व.फु., द्वितीयतल 343 व.फु., **विक्रयपत्र, शपथपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 457 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्रीमती खुशबू डरमलिया (पाण्डे), पति- श्री अभिषेक कुमार पाण्डे, 2. श्री अभिषेक कुमार पाण्डे, पिता- श्री विनोद कुमार पाण्डे** ने मकान नं. प्लाट नं. 591 सम्पत्ति पिन नं. 1003241185 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 456 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री ऋषि कुमार पाठक, पिता- स्व. श्री इन्द्र कुमार पाठक,** ने मकान नं. 2433 का भाग सम्पत्ति पिन नं. 1000527580 का भाग **वार्ड वीरेन्द्र पुरी वार्ड ,** भूतल 343 व.फु., प्रथमतल 343 व.फु., द्वितीयतल 343 व.फु., **शपथपत्र, विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**



भोपाल ( आरएनएस )। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मंडी निधि में उपलब्ध धनराशि से मंडी बोर्ड के पेंशनरों को नियमित रूप से पेंशन भुगतान किया जाए। मंत्री श्री कंषाना किसान भवन में मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संचालक मंडल की 143वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में संचालित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं में नियुक्त अमले तथा मंडी बोर्ड मुख्यालय के संविदा वाहन चालकों की नियमित पदों में समकक्षता का निर्धारण कर पारिश्रमिक में वृद्धि किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

**बड़े नगरीय निकायों में 10-10 हजार गौ-वंश की क्षमता वाली बनाई जाएगी गौ-शालाएं-सिंहस्थ-2028 की भव्यता होगी ऐतिहासिक और अभूतपूर्व- मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर सालरिया में सांधु-संतों एवं गौ-माता का लिया आशीर्वाद**

# भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत-भूमि की सनातन संस्कृति में जन्म होना हमारा सौभाग्य है। मेरा परम सौभाग्य है कि प्रदेश के सबसे बड़े गौ-अभयारण्य में जन्मदिन पर साधु-संतों एवं गौ-माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये हमारी संस्कृति को न केवल पुष्पित-पल्लवित करते है, बल्कि हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सालरिया में गौ-माताओं को शुद्ध घी से बने 6100 लड्डूओं का भोग लगाया। उन्होंने सालरिया में 58 करोड़ 93 लाख रूपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 186 स्व-सहायता समूहों को 6 करोड़ 12 लाख रूपये का बैंक ऋण वितरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या-पूजन कर उपहार भेंट किये। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य सालरिया (सुसनेर) में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अन्तर्गत गौ-कथा उपसंहार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता में हमारे 33 कोटि देवी-देवता विराजमान है, गौ-माता अपने आंचल से हमको जीवन देती है, यह प्रकृति के समान हमको जीना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो गाय पालते हैं, वे सभी गोपाल हैं। जिन घरों में गाय का कुल है, वह गोकुल हैं। हमें हर घर को गोकुल बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस गांव में कोई विवाद न हों, जहां हर घर में गौ-माता हों, ऐसे गाँव को हम वृंदावन बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने हर-घर में गौवंश बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसके लिये निरंतर कार्य कर रही है, गौ-शालाओं को आहार अनुदान की राशि 20 रूपए से बढ़ाकर 40 रुपए की गई है। जो व्यक्ति अपने घर में 10 से अधिक गौवंश पालेगा, उसे भी सरकार अनुदान राशि देगी। इसके साथ ही पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन पर प्रति लीटर पर 5 रूपए बोनस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में दूध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत आपूर्ति मध्यप्रदेश द्वारा की जाती है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से दुग्ध उत्पादन 20 प्रतिशत तक बढ़ाकर प्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश की सभी बड़ी नगर निगम में 10-10 हजार गौवंश की क्षमता वाली गौशालाओं बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे है। प्रधानमंत्री के %ज्ञान पर ध्यान% के मंत्र को साकार करने के लिये प्रदेश सरकार कृत-संकल्पित होकर मिशन मोड में काम कर रही है। प्रदेश में हर एक किसान के खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का कार्य सरकार कर रही है। आने वाले समय में पार्वती-कालीसिंध-चंबल(पीकेसी) लिंक परियोजना से जिले के कृषकों को भी सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में वर्ष-2028 में होने वाला सिंहस्थ का आयोजन ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा। आयोजन की भव्यता में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के समग्र विकास के लिये रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव (आरआईसी) के साथ ही पहली बार राजधानी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) का आयोजन किया। इससे क्षेत्रीय विकास के साथ प्रत्येक क्षेत्र के युवाओं के लिये स्थानीय स्तर पर रोजगार के नवीन अवसर सृजित करने का अभिनव प्रयास सफलतापूर्वक किया है। इनसे प्रदेश में 30 लाख 77 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगर-मालवा जिले के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। चहुमुँखी विकास कर आगर-मालवा को प्रदेश का नम्बर-1 जिला बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आगर मे उद्योगों के लिय अपार संभावनाएँ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-अभयारण्य सालरिया में कुण्डालिया डेम से पानी लाया जाएगा।

**मुख्यमंत्री ने जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य में रोपा आँवले का पौधा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन्मदिन पर गौ-अभयारण्य सालरिया में आँवले का पौधा रोपा। किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौध-रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अपने जन्मदिन, शादी-सालगिरह एवं अन्य विशेष अवसर पर पौध-रोपण कर उसकी सुरक्षा एवं संरक्षण कर पेड़ के रूप में विकसित करने का संकल्प लें। सालरिया में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ 1008 पौधों का गौ-अभयारण्य परिसर में रोपण किया गया।

कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री श्री लखनसिंह पटेल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्री गौतम टेंटवाल, विधायक श्री हरदीपसिंह डंग, विधायक आगर श्री मधु गेहलोत, विधायक सुसनेर श्री भैरूसिंह बापू, केन्द्रीय संरक्षण श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा पूज्य परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज, पूज्य स्वामी गोपालानन्दजी सरस्वती महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी चौहान, जिलाध्यक्ष श्री ओम मालवीय, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पिंकी राजपाल, पूर्व विधायक श्री गोपाल परमार, श्री लालजीराम परमार, श्रीमती रेखा रत्नाकर, श्री फूलचन्द्र बेदिया, श्री लालजीराम मालवीय, श्री मुरलीधर पाटीदार, श्री विक्रम सिंह राणा, श्री बद्रीलाल सोनी, श्री चिंतामण राठौर, श्री गोविन्द सिंह बरखेड़ी, श्री सोनू गेहलोत, श्री दिलीप सकलेचा, श्री प्रेम मस्ताना, श्री कैलाश कुम्भकार, गजेन्द्र सिंह चंद्रावत, श्री भेरूसिंह चौहान, श्री बाबूलाल यादव एवं श्री जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहें। अहमदाबाद गुजरात के समाजसेवी एवं दानदाता चिमनभाई अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

**बाजार में भी स्थापित होंगे अकादमी की पुस्तकों के बिक्री केंद्र-अकादमी में रिक्त पदों की पूर्ति शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

# मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर -मंत्री परमार

भोपाल-(आरएनएस)उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंगलवार को मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी कार्य समिति एवं प्रबंधक मंडल की बैठक हुई।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि अकादमी को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत् कार्य किए जाएं। श्री परमार ने अकादमी को आर्थिक रूप से सशक्त करने, समय पर पुस्तकें प्रकाशित करने तथा विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बाजार में भी अकादमी की पुस्तकों की बिक्री केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने अकादमी द्वारा प्रकाशित द्विमासिक रचना पत्रिका में समसामयिक आलेख, विश्वविद्यालय महाविद्यालय तथा उच्च शिक्षा विभाग की गतिविधियों की जानकारी के साथ प्रकाशित करने के निर्देश दिए।



बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन की पुष्टि हुई एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट का अनुमोदन भी किया गया। साथ ही अकादमी में दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थाई बनाने, संविदा कर्मचारियों को समकक्षता प्रदान करने तथा स्वीकृत रिक्त पदों को शीघ्र भरने एवं अकादमी के संविधान में संशोधन कर समसामयिक बनाने का भी निर्णय लिया गया। अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल ने विचारणीय विषयों का प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं कार्यसमिति सदस्यों ने भी विचार साझा किए। हिंदी भाषा के समग्र प्रचार प्रसार एवं व्यापकता को लेकर विस्तृत विमर्श हुआ।।

मंत्री श्री परमार ने मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी से प्रकाशित एवं लेखक डॉक्टर मनोहर भंडारी की पुस्तक भारतीय ज्ञान परंपरा और समग्र स्वास्थ्य का विमोचन भी किया।

बैठक में आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत वरवड़े एवं मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू, कार्यसमिति की सदस्यगण एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# सिविल सप्लाई कार्पोरेशन की संगठनात्मक संरचना में सुधार का प्रस्ताव तैयार करें

**खाद्य मंत्री राजपूत ने संचालक मण्डल की बैठक में दिये निर्देश**



भोपाल (आरएनएस) मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन की संगठनात्मक संरचना (ओ.एस.) में सुधार के लिये प्रस्ताव तैयार करें। इसके लिये कंसल्टेंट की सेवाएँ भी ली जा सकती हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह निर्देश कार्पोरेशन की संचालक मण्डल की बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करें। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि वे स्वयं भी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि कार्पोरेशन में रिक्त पदों की भर्ती जल्द करें। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स में एक्सपर्ट व्यक्तियों को ही नियुक्त करें। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्पोरेशन के लंबित लेखा संबंधी कार्य पूरे कराने के लिये संविदा में लेखापालों की नियुक्ति करें। बैठक में उपार्जन कार्य में लगे कर्मचारियों को वर्ष 2024-25 की प्रोत्साहन राशि के रूप में एक माह का वेतन देने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2017-18 और वर्ष 2018-19 की लंबित प्रोत्साहन राशि के संबंध में भी चर्चा हुई। वरिष्ठ सहायकों के वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि का निर्णय लिया गया। मंत्री श्री राजपूत ने कहा ?कि संचालक मण्डल की बैठक में लिये गये निर्णयों का क्रियान्वयन समय-सीमा में करें। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कार्पोरेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम बना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिये नोडल एजेंसी

भोपाल (आरएनएस) पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को राज्य में रूफटॉप सोलर (आरटीएस) अपनाने को बढ़ावा देने के लिए नोडल एजेंसी नामित किया गया है। यह एजेंसी राज्य की बिजली वितरण कंपनियों - म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, भोपाल, और म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर की ओर से योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करेगी। नोडल एजेंसी के रूप में म.प्र. ऊर्जा विकास निगम के दायित्व नोडल एजेंसी के रूप में मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को राज्य में रूफटॉप सोलर कार्यक्रम और योजना का क्रियानवयन करने, सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत विक्रेताओं का पंजीकरण और प्रबंधन, उपभोक्ताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्यव्यापी जागरूकता और प्रचार योजना का क्रियान्वयन, डिस्कॉम, विक्रेताओं और उपभोक्ताओं सहित हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, और केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और डिस्कॉम के बीच समन्वय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाका सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा।

**इंदौर में बनेगा आइकॉनिक व्यावसायिक टॉवर, हुकुमचंद मिल परिसर का होगा कायाकल्प**

# मध्यम और कमजोर वर्ग के आवासों का निर्माण हाउसिंग बोर्ड की प्राथमिकता- मंत्री विजयवर्गीय

भोपाल-(आरएनएस) नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश हाऊसिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि बोर्ड समाज के मध्यम और कमजोर वर्ग के आवासों की आवश्यकता को पूरा करने को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि बोर्ड अपने कामों की गुणवत्ता से आम जनता के बीच में अपनी साख को और मजबूत करे। उन्होंने कहा कि बोर्ड अपने प्रत्येक प्रोजेक्ट की गहन समीक्षा करे और इसे नियत टाइम फ्रेम में पूरा किया जाये। मंत्री श्री विजयवर्गीय आज भोपाल में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के निर्माण कार्यों की बैठक में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय शुक्ला भी मौजूद थे। मंत्री श्री विजयवर्गीय द्वारा अगले 2 माह में बोर्ड की पुन- समीक्षा की जायेगी। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड के कॉमर्शियल परिसर के समय पर पूरा होने पर क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड की योजनाओं में विभिन्न एजेंसियों के बीच में किसी तरह की देरी होती है, उसे उनके द्वारा दूर करने का ठोस प्रयास किया जायेगा। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि बोर्ड जिन आवासीय और व्यावसायिक परिसरों का विकास करता है, भविष्य में वे अच्छी तरह मेंटेन रहें, इसके लिये मेकेनिजम तैयार किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन परिसरों का विकास बोर्ड द्वारा किया जाये, उनका नामकरण महान हस्तियों के नाम पर किया जाये। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर के हुकुमचंद मिल परिसर में बनने वाला व्यावसायिक टॉवर आइकॉनिक हो, इसका ध्यान रखा जाये। बैठक में बताया गया कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा पिछले 5 वर्षों में 815 करोड़ रूपये की संपत्तियों का विक्रय गया है।



## पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

भोपाल (आरएनएस)पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं से संबंधित बैठक प्रमुख सचिव, डॉ. ई. रमेश कुमार ने ली। प्रमुख योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। आयुक्त, सौरभ कुमार सुमन द्वारा सभी योजनाओं की विस्तृत बिन्दुवार जानकारी प्रदान की गई है। प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता से आय संबंधित सभी बिन्दुओं की जानकारी सहित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में केन्द्र सरकार से मिलने वाले केन्द्रांश की जानकारी प्रदान की गई। विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत पिछड़े वर्ग के 50 छात्रों को प्रतिवर्ष उच्च अध्ययन के लिये विभिन्न देशों के विश्वविद्यालयों में बच्चों को उनकी रैंकिंग के आधार पर प्रवेश दिया जाता है, जिसका सम्पूर्ण व्यय विभाग वहन करता है। बैठक में बताया गया कि सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर राशि प्रदान की जाती है। सरदार वल्लभ भाई पटेल निऱ्शुल्क कोचिंग योजना अंतर्गत पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्?न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संभाग स्?तर पर करायी जाती है। छात्रावासों से संबंधित मैस सुविधा संचालन की जानकारी भी प्रदान की गई एवं वार्डन के पद पर नियम बनाकर नियुक्ति करने पर चर्चा हुई।

# स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह को बाल चित्रकार ने भेंट किया उनका चित्र



भोपाल-(आरएनएस) प्रदेश की उभरती हुई बाल चित्रकार सुश्री शीतल गुप्ता ने स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह को उनका चित्र सोमवार को उनके भोपाल स्थित निवास पर पहुँचकर भेंट किया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने सुश्री शीतल की अद्भुत कला प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कला न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। महज 6 वर्ष की उम्र से चित्रकला में रुचि रखने वाली भोपाल की शीतल अब तक 175 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी हैं। उनकी कलाकृतियाँ जीवंतता के लिए जानी जाती हैं। इससे पहले उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, प्रदेश की पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को उनके चित्र भेंट किए हैं। उनकी इस उपलब्धि को हर स्तर पर सराहा गया है।

**अकादमिक रूप से भी टॉपर**

कला के साथ-साथ शीतल अपनी पढ़ाई में भी हमेशा अव्वल रही हैं। वे अब तक हर कक्षा में टॉपर रही हैं, जिससे उनकी मेहनत और लगन का अंदाजा लगाया जा सकता है। शीतल न केवल एक प्रतिभाशाली चित्रकार हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से मिसाल कायम कर रही हैं। इस अवसर पर शीतल के पिता श्री नितिन कुमार गुप्ता भी उनके साथ थे। शीतल गुप्ता की यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए समर्पण आवश्यक- उप मुख्यमंत्री शुक्ल


भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर बनाने का सपना विद्यार्थियों के सहयोग और समर्पण से ही पूरा होगा। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना विकास के कार्य तेज गति से चल रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक विकास के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विकास का अंतिम लक्ष्य उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ और शिक्षा सुनिश्चित करना है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पीपुल्स मेडिकल कॉलेज भोपाल में वर्ष-2019 बैच के विद्यार्थियों को एमबीबीएस की उपाधि प्रदान की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए पर्याप्त चिकित्सकीय मैन पावर की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जनप्रतिनिधि सदैव अपने क्षेत्रों में चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा, ऋहम आप सभी से आशाएं हैं। आपको एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त कर जितनी खुशी हो रही है, उतनी ही हमें भी हो रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि एजुकेशन विदाउट कल्चर इज लाइक फ्लावर विदाउट फ्रेग्रेंस अर्थात संस्कारहीन शिक्षा बिना खुशबू वाले फूल के समान है। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा का भाव रखने वाली संस्कारवान शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संवेदनशील, समर्पित और सेवा-भावना से परिपूर्ण रहकर कार्य करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सकों का समाज में बहुत उच्च दर्जा है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त करने के लिए शासकीय प्रयासों के साथ निजी सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 8 नवीन शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, वहीं 12 जिलों में पीपीपी मोड के माध्यम से निजी क्षेत्र को मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन कॉलेजों के लिए 25 एकड़ भूमि भी दी जा रही है। यह प्रयास स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त करने और पर्याप्त चिकित्सकीय मैनपावर उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 75 हजार एमबीबीएस सीटों की वृद्धि का संकल्प लिया है। मध्यप्रदेश भी 10 हजार एमबीबीएस और 5 हजार पीजी सीटों की वृद्धि के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना और अन्य योजनाओं के माध्यम से सरकार 90 प्रतिशत विद्यार्थियों की चिकित्सा शिक्षा में आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि उन्नत चिकित्सकीय सेवाएँ सभी नागरिकों तक पहुँचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रयास आप सभी विद्यार्थियों के योगदान से ही सफल होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी भविष्य में जन सरोकार को अपनी प्राथमिकता देंगे और समाज की सेवा में उत्कृष्ट योगदान देंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण और उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि आज का दिन सभी विद्यार्थियों के लिए गर्व और प्रशंसा का क्षण है।



हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित होता है। इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। मंगलवार का व्रत मनचाहा वर पाने के लिए रखा जाता है। मंगलवार का व्रत करने से जातक की हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं हनुमान जी की कृपा से जीवन के दुख और संकट दूर हो जाते हैं



## मुक्त व्यापार की विडंबना

आरसीईपी पर दस्तखत ना करने की एक वजह न्यूजीलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया से आयात के कारण भारतीय दुग्ध उद्योग के लिए संभावित खतरे को बताया गया था। अब भारत ने न्यूजीलैंड से ही एफटीए वार्ता शुरू कर दी है। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के बाद अब भारत ने न्यूजीलैंड से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू की है। छह साल पहले के घटनाक्रम को याद करें, तो न्यूजीलैंड से अब ऐसे करार की बनी जरूरत को एक विडंबना ही कहा जाएगा। गौरतलब है, क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) समझौते के लिए वार्ता में भारत आरंभ से शामिल था। लेकिन 2019 में जब दस्तखत की बारी आई, तो ऐन वक्त पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा ना करने का फैसला किया था। तब इसकी एक वजह चीनी उत्पादों से भारतीय बाजारों के पट जाने की आशंका को बताया गया था। यह पेचीदा सवाल

दूसरे कारण के तौर पर न्यूजीलैंड एवं ऑस्ट्रेलिया से संभावित आयात से भारतीय दुग्ध उद्योग के खतरे में पड़ने की सूरत का जिक्र हुआ था। वो दोनों दुग्ध उत्पाद में अग्रणी देश हैं। आरसीईपी में शामिल ना होने के कारण भारत चीनी उत्पादों से किस हद तक बचा पाया, यह अलग, लेकिन गंभीर पड़ताल का विषय है। बहरहाल, अब न्यूजीलैंड से भारत ने एफटीए के लिए वार्ता शुरू कर दी है। न्यूजीलैंड में औसत आयात शुल्क 2.3 प्रतिशत है, जबकि भारत में यह औसतन 17.8 फीसदी है। ऐसे में साफ है कि किस देश को आयात शुल्क में अधिक रियायत देनी होगी। ऐसे में न्यूजीलैंड के अपेक्षाकृत सस्ते दुग्ध उत्पादों से भारतीय दुग्ध उत्पादकों को कैसे संरक्षण दिया जाएगा, यह पेचीदा सवाल है।

# छावा विवाद से किसका नफा, किसका नुकसान

नागपुर के दंगों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने जो कहा है, उसे लेकर भी विवाद हो रहा है। फड़णवीस ने कहा है कि छावा फिल्म को लेकर मुस्लिम समुदाय में गुस्सा था। वैसे नागपुर में अफवाह फैलाई गई कि कुरान को जलाया जा रहा है।

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म 'छावा' फिल्म के चलते मुगल बादशाह औरंगजेब इन दिनों चर्चा में है। औरंगजेब भी चर्चा में तब आया, जब मुंबई के एक विधायक अबू आजमी ने उसकी प्रशंसा कर दी। इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि महाराष्ट्र से लेकर देश की राजनीति सुलगने लगी। वामपंथी और राष्ट्रवादीय ऐतिहासिक दृष्टि तो पहले से ही औरंगजेब को लेकर बंटी हुई है, ऐसे में राजनीति नहीं बंटती तो हैरत ही होती। राजनीति के इस बंटवारे पर निगाह जमाए बैठी भारत विरोधी ताकतों को मौका मिला और नागपुर में दंगा फैल गया। अब दंगे की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पता चल रहा है कि औरंगजेब को लेकर जैसे-जैसे विवाद बढ़ा, धार्मिक आधार पर वैचारिक ध्रुवीकरण बढ़ा। इसने सामाजिक समरसता के पथ के नीचे जैसे बारूद बिछा दी। इस बारूद के इंतजार में बैठी भारत विरोधी ताकतों को मौका माकूल लगा और उन्होंने अफवाह की माचिस धीरे से जलाकर बारूद के ढेर पर फेंक दी। नागपुर के दंगों में बांग्लादेशी कनेक्शन के संकेत तो यही हैं।

समाजशास्त्री और चुनाव शास्त्री मानते हैं कि धार्मिक ध्रुवीकरण का फायदा राजनीति के उस हिस्से को होता है, जो मध्यमार्गी नहीं होती। उन्हें इसमें एक और तथ्य भी जोड़ देना चाहिए कि ध्रुवीकरण का फायदा राष्ट्रविरोधी ताकतों को भी मिलता है। तीन सौ साल पुराने शहर नागपुर का दंगों की आग में झुलसना तो यही बताता है। यह भी ध्यान देने की बात है कि नागपुर में अब तक कभी दंगा नहीं हुआ। बाबरी ध्वंस के बाद महाराष्ट्र के कई इलाके जब सुलग रहे थे, तब भी नागपुर शांत था। लेकिन औरंगजेब के चरित्र पर जब 'छावा' फिल्म ने सवाल उठाए तो नागपुर जल उठा।

'औरंगजेब महान था या क्रूर, इसे लेकर इतिहासकार कभी एकमत नहीं हो सकते। वैसे इतिहास लेखन की जो नई धाराएं हैं, उनमें किसी भी ऐतिहासिक शख्सियत का सम्यक मूल्यांकन नहीं होता। बल्कि इतिहासकार अपने-अपने वैचारिक खेमे के लिहाज से अपनी सरपरस्त राजनीतिक धारा को फायदा पहुंचाने को लेकर ऐतिहासिक चरित्रों को पेश करता है। औरंगजेब के चरित्र को लेकर लिखे गए इतिहास की भी यही कहानी है। यह बताने की जरूरत नहीं कि औरंगजेब को वामपंथी इतिहासकार महान शासक बताते रहे हैं। स्कूली पाठ्यक्रमों में औरंगजेब के बारे में पढ़ाया ही जाता रहा है कि बादशाह होने के बावजूद वह टोपी सिलकर और कुरान बेचकर अपना खर्च चलाता था। इस तथ्य को स्कूली स्तर से ही भारत की दो पीढ़ियों में इस कदर घोलकर पिला दिया गया है, उसके अन्य क्रूर कार्यों की छाप कहीं नेपथ्य में चली जाती है। बेशक औरंगजेब कुरान बेचकर और टोपी सिलकर अपना दैनंदिन खर्च चलाता था, लेकिन यह भी सच है कि उसने सल्तनत अपने नाम करने के लिए अपने ही भाई दाराशिकोह की हत्या करा दी थी, अपने ही पिता शाहजहां और माता को आगरा के किले में कैद कर रखा था। औरंगजेब के खाते में अपने शासन के दौरान हिंदुओं पर तरह-तरह के अत्याचार भी दर्ज हैं।

नागपुर के दंगों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने जो कहा है, उसे लेकर भी विवाद हो रहा है। फड़णवीस ने कहा है कि छावा फिल्म को लेकर मुस्लिम समुदाय में गुस्सा था। वैसे नागपुर में अफवाह फैलाई गई कि कुरान को जलाया जा रहा है। इसके बाद नागपुर का मुस्लिम समुदाय आक्रामक हो उठा और देखते ही देखते संतरा उत्पादन इलाके की राजधानी के रूप में विख्यात नागपुर धधक उठा। जब से शिवसेना के रास्ते बीजेपी से अलग हुए हैं, तब से उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना बीजेपी और उसके मराठी अगुआ देवेंद्र फड़णवीस पर हमले और तंज कसने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मराठी मानुष की नजर में हिंदू हृदय सम्राट रहे बाला साहब देवरस की वैचारिक उत्तराधिकारी होने का दावा करने वाली शिवसेना के लिए देवेंद्र फड़णवीस का बयान बढ़िया अवसर लगा। उसने देवेंद्र फड़णवीस पर हमला बोल दिया। उद्धव की शिवसेना इस बहाने देवेंद्र को यह साबित करने में जुटी रही कि दरअसल वे सिर्फ हिंदुओं के वोट के लिए हिंदुतव की राजनीति करते हैं, अलबत्ता उनका नजरिया दूसरा है। यह बात और है कि बीजेपी की ओर से शिवसेना के बयानों पर वैसी प्रतिक्रियाएं नहीं आई हैं, जैसी उसकी प्रतिक्रिया अबू आजमी के बयान के बाद आई थी, जिसमें आजमी ने औरंगजेब की प्रशंसा की थी।

## नफरत है राष्ट्र धर्म!

हरिशंकर व्यास

यों मुर्दा कौम मुर्दों, कब्रिस्तानों में ही सांसें लेती हैं और भय के भूत उसका परिवेश! इसलिए आश्चर्य नहीं है जो हिंदू राजनीति में औरंगजेब का कंकाल उपयोगी है और काला रंग संसद को स्थगित करवा देता है! इस सप्ताह तमिलनाडु के नेताओं के टीशर्ट पर 'तमिलनाडु विल फाइट, तमिलनाडु विल विन' शब्दों को पढ़ संसद स्थगित हुई। वहीं नागपुर में औरंगजेब पर हिंसा हुई। उसकी कब्र तोड़ने वाले के लिए पुरस्कार की घोषणा सुनी! तीसरी खबर भूतहा मणिपुर में सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की विजिट है। यह सब किस बात का प्रमाण है? नफरत का बतौर राष्ट्र (सत्ता) धर्म उपयोग!

शनिवार को चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, पंजाब और ओडिशा के मुख्यमंत्रियों के साथ विचार कर रहे हैं कि दक्षिण कैसे उत्तर भारत से, भाजपा से बचे! सप्रीम कोर्ट के जज मणिपुर में फील करेंगे कि नफरत में लोग कैसे एक दूसरे के जानी दुश्मन है! संभव है औरंगजेब की कब्र के मसले में दंगे के कथित देशद्रोही मास्टरमाइंड और पकड़े जाएं!

क्या यह सब उसी इतिहास की और भारत के पुनर्वास का सफर नहीं है, जिसमें औरंगजेब, संभाजी भी था तो भगवे, हरे झंडे की रियासतें भी थीं? भूल जाएं संघ परिवार, भाजपा और नरेंद्र मोदी के एकात्म मानववाद, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के जुमलों को और याद करें उस औरंगजेब को, जिसने पूरे भारत पर कब्जा करने की जिद्द में नफरत, क्रूरता से यह ठानी कि दक्षिण में भी मेरा राज हो। और हिंदुओं से ऐसा सलूक हो कि उनकी नस्ल भयाकुल हो जाए। वह फिर इतिहास का महानायक, विश्वगुरू कहलाएगा। औरंगजेब की रग-रग में तब क्या था? सिर्फ सत्ता की भूख और भूख। तभी चौबीसों घंटे अपने एकेश्वर अहंकार में दिन-रात सत्ता के अभियानों में खोए रहना।

## संविधान के नाम पर कांग्रेस का दोहरा रवैया दुर्भाग्यपूर्ण

धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है।' कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है।

कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।

मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने ऐलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-प्प् बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है?

## भगवान वराह के मंत्र का जप करने से मकान या फ्लैट मिल जाता

जन्मकुण्डली में मंगल की अनुकूलता एवं चतुर्थ भाव तथा चतुर्थेश बलवान होने पर अथवा भगवान वराह की उपासना करने से, उनके मंत्र का जप करने से, उनकी स्तुति-प्रार्थना करने से अवश्य ही देव योग से निवास के योग्य भूमि, मकान, फ्लैट मिल जाता है. किसी व्यक्ति को प्रयत्न करने पर भी निवास के लिये भूमि अथवा मकान न मिल रहा हो, उसे भगवान् वराह की उपासना करनी चाहिये . भगवान् वराह की उपासना करने से, उनके मन्त्र का जप करने से, उनकी स्तुति प्रार्थना करने से अवश्य ही निवास के योग्य भूमि या मकान मिल जाता है . स्कन्द पुराण के वैष्णव खण्ड में आया है कि भूमि प्राप्त करने के इच्छुक मनुष्य को सदा ही इस मन्त्र का जप करना चाहिये . मन्त्र के सङ्कर्षण ऋषि, वाराह देवता, पंक्ति छन्द और श्री बीज है .

*? नमः श्रीवराहाय धरण्युद्धारणाय स्वाहा

भगवान् वराह के अंगों की कान्ति शुद्ध स्फटिक गिरि के समान श्वेत हैं . खिले हुए लाल कमल दलों के समान उनके सुन्दर नेत्र हैं . उनका मुख वराह के समान है, पर स्वरूप सौम्य हैं .

## पूरा प्रदेश नफरत का मैदान!

हरिशंकर व्यास

मणिपुर में जातीय हिंसा को दो साल होने जा रहे हैं। 2023 की मई के पहले हफ्ते में कुकी और मैती समूहों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी, जिसमें तीन सौ के करीब लोग मरे हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए है।

ऐसा लग रहा था कि अब वहां शांति बहाल हो जाएगी। लेकिन उलटे हिंसा और भड़क गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आठ मार्च से मणिपुर की सारी सड़कें खोल देने और आवागमन सामान्य रूप से बहाल करने का आदेश दिया था।

लेकिन आठ मार्च को सड़कें खुलीं तो हिंसा भड़क गई। सुरक्षा बलों के घेरे में कुछ सड़कों पर आवाजाही शुरू हुई है लेकिन आठ मार्च के बाद जितने हमले हुए उन्हें देखते हुए लोग अभी जोखिम नहीं लेना चाहते हैं।

मणिपुर में भाजपा के तमाम प्रयोग फेल हैं। कारण यह है कि हिंसा भड़कने के बाद जो काम सबसे पहले होना चाहिए था वह करने की बजाय सब कुछ किया गया।

प्रधानमंत्री चाहते तो मणिपुर को उस अवस्था में पहुंचाने वाले मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटा कर हालात सामान्य करने का प्रयास कर सकते थे। लेकिन हिंसा भड़कने के बाद भी बीरेन सिंह बने रहे।

प्रधानमंत्री खुद मणिपुर गए

वे बहुसंख्यक मैती समुदाय को उकसाने वाली बातें भी करते रहे। जातीय भावनाओं को उकसा कर उन्होंने शांति नहीं बहाल होने दी। न प्रधानमंत्री खुद मणिपुर गए और न उन्होंने मुख्यमंत्री बदला।

जब पानी सर के ऊपर से बहने लगा तो पिछले महीने फरवरी में मुख्यमंत्री को हटाया गया। यह माना गया कि बीरेन सिंह के हटने से शांति बहाल होगी लेकिन वह भी नहीं हुआ क्योंकि बीरेन सिंह पहले ही बहुत डैमेज कर चुके थे।

उनको हटाने से पहले केंद्रीय गृह सचिव रहे अजय कुमार भल्ला को वहां राज्यपाल बना कर भेजा गया। बीरेन सिंह के हटने के बाद भल्ला की कमान में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। उसी भरोसे में अमित शाह ने आठ मार्च को आवागमन सामान्य बनाने का ऐलान किया।

लेकिन राष्ट्रपति शासन में राज्यपाल भी कुछ नहीं कर पाए। इस बीच फिर से सरकार बनाने की कोशिश होती रही। मैती विधायकों की आम राय से सरकार गठन का प्रयास हुआ लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

## 30 मार्च से होगी हिंदू नववर्ष की शुरुआत, सूर्य होंगे इस साल के राजा, 'सिद्धार्थ' होगा नवसंवत्सर का नाम

वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्र की शुरुआत होगी। मध्य प्रदेश में ग्वालियर के ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि इसी दिन से विक्रम संवत 2082 की शुरुआत होगी।

नवसंवत्सर रविवार के दिन से शुरू हो रहा है, ऐसे में इस साल का राजा ग्रह सूर्य होंगे और नवसंवत्सर का नाम होगा सिद्धार्थ। वैसे भी सूर्य को ग्रहों का राजा माना जाता है।

29 मार्च को शनिचरी अमावस्या, शनि के राशि परिवर्तन का राशियों पर होगा ऐसा असरस्द्धड्डठ्ठद्ध ऋड्डह्यद्धद्ध क्घ्ड्डह्द्ध1ड्डह्ल्ड्डठ्ठ 29 मार्च को शनिचरी अमावस्या, शनि के राशि परिवर्तन का राशियों पर होगा ऐसा असर मैहर जाकर मां शारदा का दर्शन करना हुआ आसानज् चैत्र नवरात्र में रेलवे ने दिया 30 ट्रेनों का स्टॉपेज

हिंदू धर्म में इस दिन का अधिपति नववर्ष, नव संवत्सर भी कहा जाता है और इसी दिन से नया विक्रम संवत भी शुरू होता है। इसकी शुरुआत सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। इसलिए इसे विक्रम संवत के नाम से जाना जाता है। सम्राट विक्रमादित्य ने 57 ईसा पूर्व में विक्रम संवत शुरू किया था। जिस दिन हिंदू नववर्ष शुरू होता है, उसी दिन से चैत्र नवरात्र की भी शुरुआत हो जाती है।

## साइबर ठगों का बढ़ता हौसला, तीन साल में ही ठगी में बीस गुणा बढ़ोत्तरी

मोबाइल पर नंबर मिलाते ही आजकल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इस सबके बावजूद भारत सरकार द्वारा ठगी के जारी आंकड़ें ना केवल चेताने वाले हैं अपितु लगता है जैसे ज्यों ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता ही गया वाले हालात बनते जा रहे हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाने के बावजूद एक ओर ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राशि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी हालिया आंकड़ों को देखे तो पिछले तीन साल में ही ठगी के नए अवतार से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। इस साल की शुरुआत के दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलें दर्ज हो चुके हैं और 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। यह तो साल की शुरुआत के हाल है। पिछले तीन साल के आंकड़ों पर नजर ड़ाले तो हालात की गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है। साल 2022 में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लेक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। मजे की बात यह है कि लाख प्रयासों के बावजूद 2024 की बढ़ोतरी तो और भी चिंतनीय रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलें दर्ज हुए और 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई। यह तो वे मामलें हैं जो पुलिस में दर्ज हुए हैं जबकि हजारों मामलें ऐसे भी होंगे जिनमें मामलें दर्ज कराए ही नहीं गए होंगे। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हांलाकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। ऐसा नहीं है कि साइबर या इससे जुड़ी ठगी हमारे यहां ही होती है अपितु देखा जाए तो यह आयातित ठगी का तरीका है। साइबर या यों कहें कि इस तरह की ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान पर है तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर बना हुआ है। इनके बार चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और होशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं।

जहां तक हमारे देश की बात करें तो साइबर ठग या तो किसी तरह का लालच देकर लिंक भेजकर ठगी करते हैं तो दूसरी और ड़रा धमकाकर आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। सरकार प्रचार के सभी माध्यमों से बार बार व लगातार आगाह कर रही है कि ठगों द्वारा ड़राने वाले तरीके वास्तविक नहीं है। बैंक कभी भी बैंक डिटेल या ओटीपी ऑनलाइन नहीं मांगते पर पता नहीं कैसे ठगों के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा बैठते हैं। ओटीपी देदेते हैं तो लिंक खोलने के लिए लाख मना करने के बावजूद लिंक खोलकर लुट जाते हैं। पुलिस अधिकारी बन कर जिस तरह से डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का रास्ता अपनाया जा रहा है उस संबंध में अवेयरनेस अभियान के बावजूद ठगी का शिकार होने वालों की संख्या या राशि में कमी नहीं हो रही है। डिजिटल अरेस्ट में डॉक्टर, रिटायर्ड जज, प्रोफेसर, प्रशासनिक अधिकारी सहित संभ्रात वर्ग के लोगों को आसानी से जाल में फंसाकर ठगी हो रही हैं वह भी करोड़ों तक की ठगी के उदाहरण मिल रहे हैं। झूठे मामलों में परिजनों को फंसने से बचाने का झांसा देकर ठगी हो रही है। मजे की बात यह है कि इस स्तर तक ड़र या भयाक्रांत हो जाते हैं कि किसी अन्य या पुलिस से समस्या साझा करने की हिम्मत भी नहीं कर पाते और ठगी के बाद हाथ मलते रह जाते हैं। डिजिटल अरेस्ट के मामलें तो दिनों-दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। दरअसल इसमें पुलिस, सरकारी जांच एजेंसी या प्रवर्तन निदेशालय के नकली अधिकारी बन कर इस कदर ड़रा देते हैं और मजे की बात यह कि एक दो दिन नहीं अपितु कई दिनों तक लगातार ऑडियो या वीडियो कॉल करके ठगी का शिकार बना लेते हैं।

ऐसा नहीं है कि सरकारें हाथ पर हाथ धरे बैठी हो। सरकार व वित्तदायी संस्थाओं द्वारा मीडिया के माध्यम से सजग किया जा रहा है। इसके साथ ही झारखण्ड के बड़े केन्द्र जमातड़ा को लगभग समाप्त कर ही दिया है। पर देश में 74 हॉट स्पॉट विकसित हो गए हैं। इनमें हरियाणा का नूंह, राजस्थान का डीग, झारखण्ड का देवघर, राजस्थान का अलवर और बिहार का नालंदा पहले पांच हॉट स्पॉट हो गए हैं। मीडिया द्वारा भी समय समय पर स्ट्रिंग कर इस तरह के केन्द्रों को एक्सपोज किया है पर ठगी कम होने को ही नहीं है। दरअसल आमनागरिकों को भी सजग होना ही होगा। अनजान नंबरों पर बात ही ना करें। ज्योंही कोई डराये धमकायें तो बहकावें में आने के स्थान पर पड़ताल करें। इस तरह के हालात सामने आये तो परेशान होने के स्थान पर परेशानी को साझा करें, पुलिस का सहयोग लेने में भी संकोच ना करें। देखा जाए तो सजगता ही इस समस्या का समाधान हो सकती है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पिता की सलाह से आपका बिजनेस बहुत ही अच्छा चलेगा। आज कोई भी फैसला लेते वक्त जल्दबाजी न करें। आप नया बिजनेस स्टार्ट करने के बारे में भी विचार करेंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन आनंदमय रहेगा। आज आप अपने काम के प्रति निष्ठावान रहेंगे, जिससे बॉस आपसे प्रसन्न होगे। ससुराल पक्ष से आपको सपोर्ट मिलेगा।

मिथुन राशि-आज आपका दिन बेहद ही खुशनुमा रहेगा। काफी दिनों से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा, आप रिलैक्स फील करेंगे।

कर्क राशि-आज आपका दिन बेहद खास पल लेकर आएगा। अपने जीवन में आ रही सभी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए किसी अच्छे सलाहकार से सलाह लेंगे, आपको जल्द ही समाधान मिल जायेगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज का दिन आपके लिए काफी भागदौड़ वाला रहेगा फिर भी आप अपना काम अच्छे तरीके से पूरा कर लेंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर में माता जी आज कोई धार्मिक कार्यक्रम करेंगी, आपको काफ़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। बड़े बुजुर्गों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहद ही उत्सुकतापूर्ण रहेगा। वैज्ञानिक आज लैब में नया परीक्षण करेंगे। आज आपकी घरेलू जिम्मेदारियां बढ़ेगी जिन्हें आप अच्छे से निभाएंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बिजनेसमैन आज जरूरी मीटिंग अटेंड करेंगे, जिसमें कई मुद्दों पर बातचीत होगी। आप को ज्यादा वर्क करना पड़ेगा इसलिए आप अपनी वर्किंग स्पीड मेंटेन करेंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लाया है। आज आपके आस-पास धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा।

मकर राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। पास के किसी मंदिर में दर्शन करने के लिए जाएंगे। काम के सिलसिले में आपको किसी दूसरे राज्य भी जाना पड़ सकता है। इस राशि के जिन महिलाओं को अपना बिजनेस स्टार्ट करना है उनके लिए आज अच्छा दिन है।

कुंभ राशि-आज का दिन आप लोगों के लिए व्यस्तता से भरा रहेगा। किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बनायेंगे। आज आपका मुकदमे से संबंधी मामला सॉल्व होगा,

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। किसी से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज ऑफिस में बॉस द्वारा पार्टी मिलेगी जिसे सभी लोग एंजॉय करेंगे। इस राशि की माताएं अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए



पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राज्य के लिए 2.36 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें मादक पदार्थ की समस्या से निपटने और स्वास्थ्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से भी बयान सामने आया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पंजाब में हमारी सरकार ने नशे के ख़िलाफ़ ज़बरदस्त युद्ध छेड़ा हुआ है। अब अगले चरण में नशे के बड़े सप्लायर्स पर वार किया जाएगा।

जबलपुर दिन गुरूवार 27 मार्च 2025

दैनिक क्षितिज किरण 

# लोकसभा में पास हुआ फाइनेंस बिल 2025

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल 2025 पास हो गया। इसमें 35 सरकारी संशोधन शामिल हैं। केंद्रीय बजट 2025-26 के प्रस्तावों को लागू करने के लिए यह एक अहम प्रक्रिया है।

फाइनेंस बिल 2025 पर हुई डिबेट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। इसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाना और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान टैरिफ को युक्तिसंगत बनाने और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 2025-26 के बजट प्रस्तावों से घोषित सीमा शुल्क के युक्तिकरण की कार्यवाही आगे बढ़ रही है। घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, सरकार ने ईवी बैटरी के लिए 35 अतिरिक्त कैपिटल गुड्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के लिए 28 वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी है। अब बजट को लोकसभा ने मंजूरी दे दी है, इसे राज्य सभा में चर्चा के लिए रखा जाएगा। हालांकि,उच्च सदन के पास बजट पर मतदान करने का अधिकार नहीं है और वह किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार नहीं कर सकता है।

इसके अलावा, वित्त मंत्री ने कहा कि नया इनकम टैक्स बिल संसद के अगले सत्र यानी मानसून सत्र में पेश किया जाएगा और यह इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि आम बजट में वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.4 प्रतिशत रखा गया है, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत था। केंद्रीय बजट 2025-26 में खपत को बढ़ाने के लिए इनकम टैक्स छूट को बढ़ाकर 12 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है। इससे आम आदमी के हाथ में पहले के मुकाबले अधिक पैसे बचेंगे। बजट में शुद्ध बाजार उधारी 11.54 लाख करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। बाकी का फंड स्मॉल सेविंग्स स्कीम से आएगा। बजट में 42.70 लाख करोड़ रुपये का सकल कर राजस्व संग्रह और 14.01 लाख करोड़ रुपये का सकल उधार प्रस्तावित है।

केंद्रीय बजट 2025-26 में कुल व्यय 50.65 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है।

**बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पोस्टर वार, आरजेडी ने साधा नीतीश पर निशाना**

पटना (आरएनएस)। बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव संभावित है। चुनाव के लेकर अभी से ही राजनीतिक दल अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। इसे लेकर एक-दूसरे को घेरने का भी कोई मौका नहीं चूक रहे हैं। इस बीच, रमजान के में दावत-ए-इफ्तार को लेकर भी सियासी पारा उबाल पर है। सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की। इधर बिहार में पिछले कुछ दिनों से पोस्टर वॉर भी शुरू हो चुका है।

मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर वक्फ और एनआरसी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए पोस्टर लगाए गए हैं। पोस्टर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर भी है और लिखा गया है, तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके...एनआरसी पर हम तुम्हारे साथ नहीं। वक्फ पर तो बिल्कुल भी साथ नहीं। वोट लेंगे तुम्हारा लेकिन साथ नहीं देंगे।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के बाहर सीएम नीतीश कुमार को लेकर पोस्टर लगाए गए थे। इस पोस्टर में लिखा गया था, नायक नहीं, खलनायक हूं मैं। पोस्टर में स्पष्ट रूप से यह भी लिखा है, हां, मैंने किया है महिलाओं का अपमान, गांधी जी का किया है अपमान, अब हो गया है राष्ट्रगान का अपमान।

पोस्टर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के विधायक गोपाल मंडल और भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल को दिखाया गया। उससे पहले लगाए गए पोस्टर में लिखा गया था- यह सरकार धृतराष्ट्र की सरकार है। पोस्टर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कुर्सी कुमार के रूप में संबोधित किया गया है।

राजद ने आरोप लगाया था कि बिहार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है और यह स्थिति 18 वर्षों से सत्ता में काबिज एनडीए सरकार के कारण बनी है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री और रा%य की वित्त मंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में बजट सत्र के दौरान दिल्ली विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट पेश करती हुई।



एनसीपी विधायक अन्ना बनसोड़े ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में महाराष्ट्र विधानसभा उपाध्यक्ष चुनाव के लिए महायुति उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया।

# लालू यादव की 'इफ्तार पार्टी' से कांग्रेस नेता नदारद, जेडीयू ने कहा- उनके कर्मों में कोई भागीदार नहीं बनना चाहता

पटना (आरएनएस)। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले 'इफ्तार पार्टी' का सिलसिला जारी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता लगातार 'इफ्तार पार्टी' दे रहे हैं। इस बीच, आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव की तरफ से 'इफ्तार पार्टी' का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस नेताओं ने दूरी बनाए रखी। लालू यादव की इफ्तार पार्टी से कांग्रेस नेताओं की दूरी पर जेडीयू ने सवाल उठाया है।

आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव की इफ्तार पार्टी में कांग्रेस नेताओं के शामिल न होने पर जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, इफ्तार का मजा तब खत्म हो जाता है जब दोस्त इससे दूर रहते हैं। कांग्रेस अब दूर खड़ी है, सारे रिश्ते टूट चुके हैं। लालू प्रसाद ने उन्हें (कांग्रेस) इफ्तार के लिए बुलाया था, लेकिन कांग्रेस आई ही नहीं। न सहयोगी और न रिश्तेदार, कोई भी उनके (लालू प्रसाद) कर्मों का भागीदार बनने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने जो पाप किया है, इसी कारण सारे साथी उन्हें छोड़ गए। बेटा भी अब दूर खड़ा है और पोस्टर से भी नाम गया। बता दें कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने पटना में सोमवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था। इस इफ्तार पार्टी में कांग्रेस के नेता नजर नहीं आए, जबकि इफ्तार के लिए महागठबंधन के सभी नेताओं को आमंत्रित किया गया था। आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव की ओर से दावत-ए-इफ्तार पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी के सरकारी आवास पर किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के साथ गणमान्य लोगों और महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं ने शिरकत की। सभी मेहमानों का लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और अब्दुल बारी सिद्दीकी ने स्वागत किया। इसके अलावा, लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने भी सोमवार को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया, जिसमें राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित सैकड़ों रोजेदार पहुंचे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा पार्टी के प्रदेश कार्यालय में रमजान के पाक महीने में आयोजित दावत-ए-इफ्तार में प्रदेश के कोने-कोने से सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के रोजेदारों ने शिरकत की। इस दावत-ए-इफ्तार के मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पार्टी के सांसद अरुण भारती, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन, मंत्री मंगल पांडेय, विजय कुमार चौधरी, शीला मंडल, महेश्वर हजारी, लेसी सिंह, अशोक चौधरी ने हिस्सा लिया।

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने चादर और टोपी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया।

## नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपियों को बड़ी राहत, घर तोड़ने पर कोर्ट ने लगाई रोक; प्रशासन को फटकारा

नागपुर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नागपुर में हुए हिंसा मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने मुख्य आरोपी फहीम खान और यूसुफ शेख को बड़ी राहत प्रदान की है। अदालत ने इस मामले में प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए उसे फटकार भी लगाई है। फहीम खान और यूसुफ शेख की संपत्तियों को गिराने पर हाई कोर्ट ने तत्काल रोक लगा दी है। कोर्ट ने संपत्ति मालिकों की सुनवाई न किए जाने पर चिंता व्यक्त की है।

हालांकि, अदालत का आदेश पारित होने से पहले ही सोमवार दोपहर को फहीम खान की संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था। कोर्ट ने सरकार और नगर निगम के अधिकारियों को इस संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है और मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को निर्धारित की है। आज ही नगर निगम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में फहीम खान के दो मंजिला मकान को अवैध बताते हुए गिरा दिया था। अधिकारियों के अनुसार, महल इलाके में स्थित आरोपी यूसुफ शेख के मकान के अवैध हिस्से को भी ढहा दिया गया है। माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता फहीम खान के खिलाफ 17 मार्च को हुई हिंसा के मामले में राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। वह उस हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए



पटना में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों ने बजट सत्र के दौरान आरक्षण की मांग को लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी, कहा- जम्मू-कश्मीर के अवैध कब्जे को छोड़ो

नईदिल्ली (आरएनएस)। संयुक्त राष्ट्र में शांति स्थापना सुधारों पर हुई बहस के दौरान भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर के बारे में उल्लेख करने पर खरी-खोटी सुनाई और उसे भारत का अभिन्न अंग बताया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा बार-बार जम्मू-कश्मीर का उल्लेख करना अनुचित है। उन्होंने दृढ़ता से दोहराया कि यह क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। भारतीय प्रतिनिधि हरीश ने कहा कि भारत यह जानने के लिए बाध्य है कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने एक बार फिर भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर अनुचित टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, इस तरह के बार-बार उल्लेख न तो उनके अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान का जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा है, जिसे खाली करना होगा। हरीश ने कहा, हम पाकिस्तान को सलाह देंगे कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश न करे।

# मैं तमिलनाडु में हूं नहीं आ पाऊंगा... मुंबई पुलिस के समन पर बोले कुणाल कामरा, शिंदे बोले-हर चीज की सीमा होनी चाहिए

मुंबई (आरएनएस)। एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी के मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई की खार पुलिस ने समन भेजा है और उन्हें आज जांच अधिकारी के सामने पेश होने को कहा है। कुणाल अभी मुंबई में नहीं हैं। पुलिस ने कुणाल कामरा के जोक को लेकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसे आगे की जांच के लिए खार पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कामरा को वॉट्सऐप के जरिए समन भेजा है। उन्होंने पुलिस से कहा कि मैं तमिलनाडु में हूंन्हीं आ पाऊंगा। बीते दिन कामरा ने पुलिस से कहा था कि वह एकनाथ शिंदे पर अपने कटाक्ष के लिए 'माफी नहीं मांगेंगे', लेकिन उन्होंने कहा कि वह कानून का पालन करेंगे। कामरा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगे, लेकिन फिलहाल वह मुंबई में नहीं हैं। कुणाल कामरा के यूट्यूब और इंस्टाग्राम हैंडल पर अपलोड किए गए स्टैंड-अप शो ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थकों को नाराज कर दिया है, उन्होंने रविवार को मुंबई में उस जगह पर तोड़फोड़ की, जहां इस शो को शूट गया था और साथ ही उन्हें 'स्वतंत्र रूप से घूमने' की धमकी भी दी। एकनाथ शिंद पर किए गए जोक को लेकर शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने कुणाल कामरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज रवाई थी, वहीं पश्चिमी मुंबई में खार पुलिस ने यूनिकॉन्टिनेंटल द हैबिटेट में तोड़फोड़ करने के आरोप में शिवसेना के राहुल कनाल और विभाग प्रमुख श्रीकांत सरमालकर को अन्य लोगों के साथ हिरासत में लिया था।

## अब मैदानी इलाकों में कहर बरपाएगी गर्मी, राजस्थान में पारा 40 डिग्री के पार

नईदिल्ली (आरएनएस)। पश्चिमी विक्षोभ से पिछले कुछ दिनों से मैदानी इलाकों में गर्मी से मिली राहत अब तापमान में इजाफा होने से खत्म हो जाएगी। पहाड़ों पर बारिश से तापमान सामान्य रहेगा, लेकिन मैदानों में पारा चढ़ने से लोगों को पसीने छूटने वाले हैं।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, देश के उत्तर-पश्चिम में अगले 2 दिनों में तापमान 2-3 डिग्री, पश्चिम और पूर्वोत्तर हिस्सों में अगले 4-5 दिनों में 4-6 डिग्री के अलावा मध्य में 2-4 डिग्री बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में 25 और 26 मार्च को मौसम साफ रहने से तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। प्रदेश में अगले 4 दिनों में पारा 4-6 डिग्री तक ऊपर जा सकता है। इसी के साथ राजस्थान में भी भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश के बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर और चित्तौड़गढ़ में तापमान 40 डिग्री के पार जाने से लू के हालात बने हुए हैं। अगले 2 दिनों तक उत्तर-पूर्वी हवाओं से तापमान में उतार-चढ़ाव होगा।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में रा%य की शासन नीति के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कल्याणकारी सहायता वितरित करते हुए.



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लंदन स्थित भारतीय उ%चायोग में.


# महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपए, दिल्ली की सीएम ने पेश किया 1 लाख करोड़ रुपए का बजट

नई दिल्ली (आरएनएस)। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट में महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपए का प्रावधान है। दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। यमुना और सीपेज की सफाई के लिए 9 हजार करोड़ रुपए का बजट है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयुष्मान योजना के लिए 2144 हजार करोड़ का बजट रखा है। केंद्र सरकार से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज तो मिलेगा ही। दिल्ली की सीएम ने प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए 320 करोड़ रुपये का प्रावधान करने की घोषणा की। दिल्ली सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबध है।

उन्होंने कहा कि सरकार वैकल्पिक हेल्थ केयर की दिशा में भी काम करेगी। इसके लिए आयुष पर जोर दिया जाएगा। सीएम रेखा ने कहा- मैं आपके माध्यम से दिल्ली की जनता को ये बताना चाहती हूं कि आज तक की सरकारों के राज में 2023 में 78 हजार 800 करोड़ का बजट था। 24-25 का बजट घटकर सिर्फ 76 हजार करोड़ रह गया। ये दिल्ली में सबसे खराब स्थिति थी। इस बार का दिल्ली का बजट एक लाख करोड़ रुपये का है। ये ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि मैं बजट पेश कर रही हूं। आज का बजट साधारण नहीं है।

दिल्ली की जनता और पूरा देश सदन के माध्यम से बजट सुन रहा है। दिल्ली की नई सरकार ऐतिहासिक जनादेश लेकर यहां आई है।

इस सरकार का पहला बजट कैसा होगा, आज यहां पूरा देश देख रहा है। ये बजट पिछले 10 साल से बेहाल हुई दिल्ली को संभालने का पहला कदम है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज यमुना सीवेज और प्रदूषित पानी से जूझ रही है। हम यमुना नदी की सफाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह हमारे लिए सिर्फ एक नदी नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। 40 विकेन्द्रीकृत सीवेज प्लांट विकसित करने के लिए 500 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं ताकि कोई भी सीवेज का पानी सीधे यमुना नदी में न छोड़ा जाए।



फिल्म निर्माता हंसल मेहता और अभिनेत्री-सांसद कंगना रनौत के बीच 25 मार्च, 2025 को कॉमेडियन कुणाल कामरा को लेकर ऑनलाइन एक बड़ा टकराव हुआ। यह तब हुआ जब मेहता ने स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा का समर्थन किया, जो शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर अपने चुटकुलों के लिए आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। इसके कारण कई लोगों ने 2020 में उद्धव ठाकरे शासन के तहत बीएमसी द्वारा कंगना के मुंबई कार्यालय को ध्वस्त करने की घटना से तुलना की।

# फिल्म अभिनेत्री राशि खन्ना ने लजीज व्यंजनों के साथ अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर की साझा



अभिनेत्री राशि खन्ना जिन्हें हाल ही में द साबरमती रिपोर्ट में देखा गया था। उन्होंने लजीज व्यंजनों के साथ अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। अभिनेत्री खाने की शौकीन हैं, जो स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद उठाने से कभी नहीं कतराती हैं। चाहे वह फिल्म के सेट पर हों या फिर यात्रा कर रही हों। अभिनेत्री घर पर भी लजीज व्यंजनों का आनंद ले रही होती हैं। अच्छा खाना उनके जीवन का अभिन्न अंग बना हुआ है। प्रशंसकों को यह पसंद है कि वह किस तरह से खाने के इन शानदार पलों को साझा करती हैं।

अपने लेटेस्ट पोस्ट में राशि ने प्रशंसकों को सेट पर अपने खाने के रोमांच की झलक दिखाई। जिसमें वह दक्षिण भारतीय व्यंजनों का स्वाद लेते हुए नजर आ रही हैं। राशि को खाना बहुत पसंद है, लेकिन वह स्वस्थ रहने में भी विश्वास रखती हैं। वह अक्सर अपनी फिटनेस रूटीन की झलकियां शेयर करती हैं, जिससे साबित होता है कि कोई भी व्यक्ति सही दृष्टिकोण के साथ खाने का सच्चा शौकीन होने के साथ-साथ फिट भी रह सकता है। इससे पहले, अभिनेत्री ने शानदार तरीके से होली मनाई। वह अपने परिवार के साथ श्रीशैलम मंदिर गईं। खूबसूरत पारंपरिक परिधान में राशि भगवान शिव की पूजा करते हुए बेहद खूबसूरत दिखीं। काम की बात करें तो राशि के पास इस साल कुछ रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, हालांकि अभी तक उनके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। चर्चा को और बढ़ाते हुए, उन्हें हाल ही में एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस में देखा गया, जिससे प्रशंसकों में उत्सुकता बढ़ गई। द साबरमती रिपोर्ट' में राशि ने एक दमदार पत्रकार की भूमिका निभाई थी। फिल्म की सफलता के बाद, उनकी अगली ऑनस्क्रीन फिल्म के लिए फैंस की उत्सुकता बढ़ गई है। राशि अपने अभिनय से फैंस का दिल जीत रही हैं। सोशल मीडिया पर आए दिन वह नई-नई पोस्ट के माध्यम से अपने फैंस को अपने बारे में कुछ न कुछ नया बताती हैं।

**इंसाफ नहीं, साफ करने आया हूं, सलमान ने सिकंदर का नया टीजर किया रिलीज, बाहुबली के कटप्पा से लेंगे टक्कर**

सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर ईद 2025 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. फिल्म के रिलीज की तारीख अब तक सामने नहीं आई है. वहीं मेकर्स ने अब सिकंदर का एक नया टीजर रिलीज कर फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है. फिल्म के टीजर में सलमान खान के एक्शन अवतार के साथ रश्मिका मंदाना की झलक भी देखने को मिली है.

सिकंदर के टीजर की शुरुआत एक्शन सीन से होती है जिसमें सलमान खान गुंडों का सूपड़ा साफ करते नजर आते हैं. टीजर में ही सुपरस्टार के सुपर डायलॉग्स सुनने को मिले हैं. वे कहते हैं- इंसाफ नहीं साफ करने आया हूं. कायदे में रहो फायदे में रहो, वरना श्मशान या कब्रिस्तान में रहो. टीजर में लीड एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के भी दो-तीन सीन दिखाए गए हैं.

सिकंदर के टीजर में सलमान खान और रश्मिका मंदाना के डांस सीन को भी ऐड किया गया है. रश्मिका मंदाना भी अपने ग्रेस से स्क्रीन पर अलग ही रौनक बिखेरती हैं. एक तरफ जहां एक्शन और इमोशंस का तूफान चलता है, वहीं रश्मिका की मौजूदगी इसमें एक ताजगी भर देती है.

### जब बिग बी ने बताई थी 'दंगल' में आमिर खान के अभिनय की खामी

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान ने स्पोर्ट्स बायोपिक 'दंगल' में अपने अभिनय की एक बड़ी और एकमात्र खामी का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि यह खामी अमिताभ बच्चन ने उन्हें बताई थी। आमिर खान हाल ही में मुंबई में रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में अपनी पहली फिल्म 'कयामत से कयामत तक' की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। इवेंट के दौरान सुपरस्टार ने अपनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'दंगल' के बारे में बात की और बताया कि वह इसे अपनी सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक मानते हैं। हालांकि, अभिनेता अपनी गलती स्वीकार करते हुए खुद की आलोचना करने से पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि 'दंगल' के शुरुआती दृश्यों में से एक में उनका किरदार, युवा महावीर सिंह फोगाट मैच में अपनी जीत का जश्न मनाते हुए हां कहता है।

# एक्ट्रेस रश्मिका को जिम में पसीना बहाना पसंद, वर्कआउट की फोटो शेयर की



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का सोशल मीडिया फीड इस बात का सबूत है कि दिवा को जिम में पसीना बहाना पसंद है।

फिटनेस से जुड़ी हुई अपनी सीरीज कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है के हिस्से के रूप में, एनिमल एक्ट्रेस ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर फिटनेस के लिए अपने प्यार को शेयर किया।

रश्मिका ने वर्कआउट के बाद की कुछ फोटो शेयर कीं, जिसमें उनके एब्स और आकर्षक मुस्कान दिखाई दे रही हैं।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, चाहे कहीं भी, कैसे भी, किसी भी अवस्था में क्यों न हो... मैं हमेशा वर्कआउट करने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लूंगी.... मुझे वो काम करने से कोई नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है... पार्ट-2। इससे पहले, रश्मिका ने सीरीज के भाग एक में खाने के प्रति अपने प्यार के बारे में बात की थी, कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है। वह आम के हलवे का लुत्फ़ उठाती नज़र आईं। पुष्पा एक्ट्रेस नीले डेनिम के साथ काले रंग के टैंक टॉप में स्टाइलिश दिखीं।

रश्मिका ने कैप्शन में लिखा, कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है! पार्ट-1! रश्मिका के प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह सलमान खान के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर में स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। ए.आर. मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सिकंदर का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। सलमान और रश्मिका के अलावा, इस फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 2014 की ब्लॉकबस्टर किक के बाद निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ सलमान की फिर से वापसी है। सिकंदर ईद-उल-फितर के मौके पर 31 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इसके अलावा, रश्मिका आयुष्मान खुराना अभिनीत थामा का भी हिस्सा होंगी।

## रोम में छुट्टियां मना रहीं गौरी खान, बताया पसंदीदा शहर

अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी और इंटीरियर डिजाइनर गौरी खान रोम में छुट्टियां मना रही हैं। गौरी ने रोम को अपना पसंदीदा शहर बताया। गौरी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके साथ मां सविता और कुछ दोस्त भी नजर आए। वीडियो में इटरनल सिटी के खूबसूरत नजारे भी दिखे। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए गौरी खान ने कैप्शन में लिखा, प्रकृति, यात्रा, कला, फैशन और व्यक्तिगत अनुभव सभी प्रेरणा के बेहतरीन स्रोत हैं... मेरा पसंदीदा शहर रोम। बता दें, हाल ही में गौरी की बेटी सुहाना खान अपने खास दोस्त अगस्त्य नंदा के साथ एक रेस्टोरेंट में नजर आई थीं। अभिनेत्री डेनिम पैंट के साथ ब्लैक टॉप पहने रेस्टोरेंट से बाहर निकलती नजर आई थीं। उन्होंने अपने लुक को स्टाइलिश हैंडबैग, रिस्ट वॉच और खुले बालों के साथ पूरा किया। कुछ समय पहले सुहाना मुंबई में अगस्त्य के साथ डिनर डेट पर नजर आई थीं। दोनों के साथ अगस्त्य की मां श्वेता बच्चन नंदा भी दिखी थीं। इन तीनों के रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। क्लिप में अगस्त्य और श्वेता को रेस्टोरेंट से बाहर निकलते और अपनी कार में बैठते हुए दिखाया गया, जबकि सुहाना को अपनी सवारी का इंतज़ार करते हुए देखा गया। बता दें, सुहाना और अगस्त्य ने जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस प्रोजेक्ट में खुशी कपूर, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, डॉट और युवराज मेंडा मुख्य कलाकार के रूप में नजर आए थे। 2023 में ओटीटी पर रिलीज हुई 'द आर्चीज' 1960 के एनिमेटेड कार्टून 'द आर्ची शो' में दिखाई देने वाले काल्पनिक रॉक बैंड द आर्चीज' का रूपांतरण है। सुहाना खान जल्द ही सिद्धार्थ आनंद की फिल्म 'किंग' में पहली बार अपने पिता शाहरुख खान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में अभिषेक बच्चन और अभय वर्मा भी मुख्य भूमिकाओं में होंगे। दूसरी ओर, अगस्त्य श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' में अभिनय करेंगे।

# महारानी सीजन 4 की शूटिंग शुरु, हुमा कुरैशी ने सेट से दिखाई अपनी पहली झलक

हुमा कुरैशी महारानी सीजन 4 के साथ वापस आ गई हैं. एक्ट्रेस ने सीरीज के सेट से एक बिहाइंड द सीन तस्वीर साझा किया है, जो यह दर्शाता है कि उन्होंने सीरीज के चौथे सीजन के लिए कमर कस ली है. इस तस्वीर ने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है.

हुमा कुरैशी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर अपमकमिंग वेब सीरीज महारानी सीजन 4 के बारे में अपडेट साझा किया है. उन्होंने सीरीज के सेट से अपनी एक तस्वीर पोस्ट किया है. साथ ही, सीरीज को प्यार देने के लिए फैंस और दर्शकों का आभार जताया है.

अपनी तस्वीर शेयर करते हुए हुमा कुरैशी ने कैप्शन में लिखा है, सीजन 4 का समय आ गया है. टीम महारानी वापस आ गई है. यह तस्वीर मेरी प्रोड्यूसर साहिबा डिंपल खरबंदा द्वारा क्लिक किया गया है. प्यारे दर्शकों को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद और आभार प्यार. तस्वीर में हुमा कुरैश ब्लैक टी-शर्ट, जिस पर महारानी इज बैक लिखा है, और मैचिंग पैंट में नजर आ रही हैं.

कांगड़ा टॉकीज स्टूडियो ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर महारानी सीजन 4 के सेट से तस्वीरें साझा किया हैं और सेट पर हुमा कुरैशी का स्वागत किया है. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, रानी को वापस वहीं लाना जहां उसका राज है. महारानी के सेट पर हुमा का स्वागत. पहली तस्वीर में हुमा कुरैशी अपने वैनिटी वैन के पास हाथों से सीजन 4 का साइन देते हुए कैमरे के लिए पोज दिया है. दूसरी तस्वीर में हुमा महारानी सीजन 4 की टीम के साथ पोज देती नजर आ रही हैं.

महारानी का पहला सीजन 2021 में आया. इस वेब सीरीज में हुमा कुरैशी ने रानी भारती की भूमिका निभाई है. रानी भारती एक गृहिणी और बिहार के मुख्यमंत्री भीमा (सोहम शाह) की पत्नी है. रानी को बस अपने घर और अपने पति की परवाह रहती है. वह अपने पति के बिहार के सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद अपना बैग पैक करके वापस गांव जाना चाहती है. हालांकि, उसकी जिंदगी तब बदल जाती है जब उसका पति उसे अपना उत्तराधिकारी घोषित करता है, जिससे हर कोई हैरान रह जाता है.

अगले सीजन में साजिशों, भ्रष्टाचार और खुद को राजनेता के रूप में साबित करने और सफल होने की उनकी यात्रा को दिखाया गया. महारानी का दूसरा सीजन 2022 में और तीसरा सीजन 2024 में प्रीमियर हुआ था.

### रोमांटिक-कॉमेडी मेरे हसबैंड की बीवी ने दो दिन में कमाए 3.15 करोड़, छावा के सामने पड़ी फीकी!

बीते शुक्रवार सिनेमाघरों में अर्जुन कपूर की फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी रिलीज हुई थी। इस फिल्म को यूं तो समीक्षकों से अच्छे रिव्यू मिले, लेकिन सिनेमाघरों में इसे दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं।

फिल्म की शुरुआत टिकट खिड़की पर खराब रही, वहीं दूसरे दिन इसकी कमाई में इजाफा तो जरूर हुआ, लेकिन फिर भी इसका प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा।

आइए जानें छावा की आंधी के बीच मेरे हस्बैंड की बीवी ने दूसरे दिन कितनी कमाई की।

सैकनिल्क के मुताबिक, मेरे हस्बैंड की बीवी ने पहले दिन सिर्फ 1.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म को उम्मीद के मुताबिक ओपनिंग नहीं मिल पाई, वहीं रिलीज के दूसरे दिन यानी शनिवार को भी फिल्म को छुट्टी का ज्यादा फायदा नहीं हुआ है। फिल्म ने दूसरे दिन मामूली बढ़त के साथ 1.65 करोड़ कमाए।

# अनुष्का रंजन ने पति आदित्य सील को बताया 'लव ऑफ लाइफ'



अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मोंटाज शेयर कर बताया कि अभिनेता-पति आदित्य सील का 37वां जन्मदिन उन्होंने कैसे मनाया। रंजन ने कहा कि सील के बिना उनका जीवन अधूरा है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री अनुष्का रंजन ने कैप्शन में अपने दिल की बात कही, उन्होंने लिखा, मैंने पिछले 72 घंटे अपने प्यार आदित्य सील के जन्मदिन का जश्न मनाते हुए बिताए। आदित्य की तारीफ करते हुए अनुष्का ने आगे लिखा, आदित्य मेरे हर सपने और इच्छा पूरी करने में लगा रहता है और मैं आज इस (जन्मदिन) मौके पर बस यह बताना चाहती हूं कि मेरा जीवन तुम्हारे और तुम्हारे खूबसूरत दिल के बिना अधूरा है। तुम पिछले 7 सालों से मेरे प्यार और सहारे का स्तंभ रहे हो। मैं हमारे आने वाले बेहतरीन समय को लेकर उत्साहित हूं। तुम जादू हो, प्यार हो, जिंदगी हो और मेरा सब कुछ हो! मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं।

शेयर किए गए क्लिप की शुरुआत आदित्य से होती है, जो अनुष्का के साथ ड्राइव का आनंद लेते नजर आए। इसके बाद दोनों रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाते और सड़कों पर घूमते नजर आए। अनुष्का ने वीडियो के बैकग्राउंड में मार्क-कीज के गाने %माई स्वीट बेबी% को भी जोड़ा। पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए आदित्य ने कमेंट सेक्शन में लिखा, मुझे यह पसंद है... लेकिन तुम ज्यादा पसंद हो।

बता दें, अनुष्का और आदित्य की मुलाकात एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। जानकारी के अनुसार, आदित्य ने अनुष्का को पेरिस में प्रपोज किया था। कुछ समय तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद दोनों ने 21 नवंबर, 2021 को मुंबई में शादी कर ली थी।

आदित्य के अभिनय करियर पर नजर डालें तो साल 2002 में आई फिल्म %एक छोटी सी लव स्टोरी% के साथ शुरुआत की। फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री मनीषा कोइराला थीं। इसके बाद वह %स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2%, %तुम बिन 2% समेत कई सफल फिल्मों का हिस्सा रहे।

**बॉक्स ऑफिस पर मेरे हस्बैंड की बीवी का संघर्ष जारी, सातवें दिन रहा ऐसा हाल**

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा हो गया है। हालांकि, यह लोगों पर अपना जादू चलाने में नाकाम साबित हुई।

यह फिल्म 21 फरवरी को रिलीज हुई थी और इससे निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने दम तोड़ दिया है। फिल्म की कमाई लाखों में सिमटी हुई है।

# 31 साल छोटी अभिनेत्री के साथ काम करने पर सलमान खान बोले, रश्मिका और उनके पिता को एतराज नहीं




हिंदी फिल्मों के सुपरस्टार सलमान खान अपने फैंस को ईद पर अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर'के साथ ईदी देंगे। रविवार को सलमान खान ने अपने फैंस के साथ फिल्म का ट्रेलर जारी किया। सलमान खान के इस ट्रेलर को फैंस की ओर से भरपूर प्यार मिला है। फैंस अब 30 मार्च का इंतजार कर रहे हैं, जब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

रविवार को सलमान खान और रश्मिका मंदाना 'सिकंदर' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उनसे फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार द्वारा छोटी अभिनेत्रियों के साथ काम करने के बारे में पूछा गया।

हिंदी सिनेमा के भाईजान कहे जाने वाले इस अभिनेता ने मीडिया को बहुत ही व्यावहारिक जवाब देते हुए कहा, मेरे और हीरोइन के बीच 31 साल का अंतर है। हीरोइन को यह समस्या नहीं है। हीरोइन के पिता को यह समस्या नहीं है, तो आप लोगों को क्या समस्या है। सलमान जिस वक्त यह जवाब दे रहे थे। रश्मिका के चेहरे पर हंसी रुकने का नाम नहीं ले रही थी।

सलमान खान ने आगे कहा कि जब इनकी शादी हो जाएगी, बच्ची हो जाएगी, बड़ी स्टार हो जाएगी तो उनके साथ भी काम करेंगे। मम्मी का परमिशन तो मिल ही जाएगा।

सलमान खान ने इस दौरान फिल्म की अभिनेत्री की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रश्मिका जिस लगन से काम कर रही हैं वह तारीफ के काबिल है। सलमान ने बताया कि उन्हें पुष्पा-2 और सिकंदर की शूटिंग के दौरान पैर में चोट लगी थी। लेकिन, इसके बावजूद उन्होंने शूटिंग जारी रखी। सलमान कि फिल्म सिकंदर के ट्रेलर में एक ऐसा शानदार नजारा दिखाया गया है जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेगा। ट्रेलर में सलमान मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं, वह एक मिशन पर हैं। सिकंदर का उनका किरदार दमदार नजर आ रहा है। यह फिल्म निर्माता के लिए एक और बड़ी सफलता साबित होने वाली है, जिनके पास ऐसी फिल्में बनाने का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है, जो न केवल मनोरंजन करती हैं, बल्कि देश भर के दर्शकों के दिलों में जगह भी बनाती हैं।

## शब्द सामर्थ्य -364


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निपटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 363 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना सिविल लाईन में मंजीत सिंह ठाकुर उम्र 17 वर्ष निवासी गोपाल होटल के पास लालमाटी घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह श्रीराम कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है अपनी नानी के घर गोरखपुर से मोटर सायकल रायल इन्फील्ड क्रमांक एमपी 20 एन टी 5179 से अपने घर लालमाटी आ रहा था रात लगभग 10-30 बजे जैसे ही सतपुड़ा क्लब के पास पहुँचा तभी इलाहाबाद चौक की ओर से आ रही टाटा नेक्शन कार क्रमांक एमपी 20 जेड एच 0426 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया

### मां कर्मा देवी जयंती पर समरसता सेवा संगठन ने किया विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन-संस्कारधानी होली महोत्सव के सहयोगियों का हुआ सम्मान

# कर्म करते हुए भाव से भक्ति करो तो भगवान स्वयं आते है - जगत गुरु राघवदेवाचार्य जी








जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। समरसता सेवा संगठन द्वारा मां कर्मा देवी की 1009 वीं जयंती पर परम पूज्य जगत गुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज के सानिध्य, मुख्य वक्ता डॉ जितेंद्र जामदार, विशिष्ठ अतिथि श्री रविकिरण साहू, श्रीमती किरण कालवे, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्वल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आईएमए हाल राइट टाउन में किया गया। इस अवसर पर संस्कारधानी की परंपरा को और अधिक मजूबुत करते हुए संस्कारधानी होली महोत्सव में अपना प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग करने हेतु संस्थाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन देते हुए जगतगुरु सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज ने कहा भक्ति के मार्ग पर चलकर ही भगवान से मिला जा सकता है और अपने कर्म करते हुए पूर्ण भाव से भक्ति करो तो भगवान स्वयं अपने भक्त से मिलने आते है और यही भक्ति का भाव कर्मा देवी की भक्ति में था कि भगवान श्री हरी जगन्नाथ प्रभु स्वयं खिचड़ी का भोग ग्रहण करने उनके पास आते थे।

पूज्य स्वामी जी ने कहा भक्त और भगवान में केवल प्रेम का संबंध होता है और न सिर्फ भक्त भगवान अपितु संसार के सभी प्राणियों में, देश में, समाज में और परिवार में यदि प्रेम का भाव हो तो या समाज अपने आप ही समरस हो जायेगा। अपने गुरु, माता पिता और बुजुर्गो की कही बात को आत्मसात कीजिए भगवान की भक्ति कीजिए तो आपका जीवन सफल हो जाएगा। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ जितेन्द्र जामदार ने कहा भक्ति का मार्ग सहज है एक साधारण व्यक्ति भी श्रेष्ठ भक्त हो सकता हैं भक्तमाल के चरित्र को पढ़े तो हम समझ सकते है हमारे देश में भक्ति की श्रेष्ठ परंपरा रही है अनेकों संत महात्मा हुए है जिन्होंने भक्ति के भाव से भगवान को प्राप्त किया और अपने विचारो से समाज का पथ प्रदर्शित किया है उन्ही में से एक भक्त शिरोमणि माता कर्मा थी जो सिर्फ साहू समाज की ही नहीं संपूर्ण सनातन समाज की आराध्य देवी थी। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष श्री संदीप जैन कार्यक्रम की प्रस्तावना और स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा सब सबको जाने सब सबको माने के ध्येय को लेकर दो वर्ष पूर्व हमने मिलकर समरसता संगठन प्रारंभ किया जिसका उद्देश्य है कि जब समाज समरस होगा तो समाज समर्थ भी होगा और इसी से समर्थ भारत का निर्माण होगा।

उन्होंने कहा सर्व समाज की सहभागिता से संस्कारधानी में हमने कार्यक्रम किए और इससे अलग प्रकार के वातावरण का निर्माण हुआ है इन कार्यक्रमों के माध्यम से इसका परिणाम है कि विगत दिनों सर्व समाज की सहभागिता से होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया उसमे जिस तरह सभी ने सहयोग और सहभागिता की उससे हम अपने उद्देश्य की ओर बढ़ते हुए दिख रहे है। आज हम उन सभी संस्थाओं का सम्मान कर रहे है जिन्होंने होली महोत्सव को एतिहासिक बनाया और हमारी सनातनी परंपरा को पुन: संस्कारधानी में मजबूत करने में अपना योगदान दिया है। कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि श्री रविकिरण साहू, श्रीमती किरण कालवे, डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, संगठन वक्ता अखिल मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ उदयभान तिवारी द्वारा मां कर्मा गीत का गायन द्वारा प्रस्तुत किया गया।

प्रतिभा सम्मान :- कार्यक्रम के दूसरे चरण में साहू समाज के राधेश्याम साहू, रविशंकर साहू, मुकेश साहू, रजनी कैलाश साहू, आभा दीपक साहू, सुधीर साहू, हरीश साहू, कोठिया राकेश साहू, नरेंद्र साहू, राजेश साहू, डॉ पुरषोत्तम साहू, अशोक साहू, ब्रजेश साहू, सुरेंद्र साहू, कोठिया राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, पप्पी साहू सहयोगी,

सहयोगी संस्थाओं का सम्मान :- इस अवसर पर होली महोत्सव में सहयोग करने हेतु कोष्टा विकास समिति, राठौर क्षत्रिय पंचायत समिति नारायणी सेना यादव समाज सोनकर समाज प्रगतिशील ब्राहम्ण सभा गहोई वैश्य समाज पंचायत संत सेन सामुदायिक भवन समिति हैहय वंशीय क्षत्रीय ताम्रकार समाज महलवार परिवार तमरहाई रद्दीवाला अग्रवाल परिवार भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ विश्वहिंदु परिषद बजरंग दल हनुमान प्रखंड इमिटेशन एवं बैंगल एसोसिऐशन प्रजापति (कुंभकार संघ) ब्राहम्ण एकता मंच जबलपुर अग्रवाल सभा कसोधन वैश्य गुप्ता परिवार विकास समिति स्वर्णकार समाज चौरसिया समाज माँ मक्रवाहिनी परिवार दिगंबर जैन समाज नगर केशरवानी वैश्य सभा खुन्नेलाल एंड संस अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा पगडी हाउस नगर पंडित सभा बडे महावीर मंदिर परिवार संत रविदास समाज लार्डगंज व्यापारी संघ श्री दत्त भंजन मंडल सक्षम (दिव्यांग जन) मेन रोड गंजीपुरा संघ जबलपुर कलचुरी महासभा हरियाली बचाव अभियान मंच जबलपुर यु.पी. बिहार महासंघ सम्पूर्ण रजक समाज पंजाबी महासंघ, सिख संगत मालवीय चैक व्यापारी संघ सर्व मंगला ग्रुप, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, झारिया मेहरा कल्याण संघ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, दक्षिणेश्वरी मठ परिवार म.प्र. शिक्षक कांग्रेस क्षत्रीय मराठा समाज श्रमजीवी पत्रकार संगठन अखिल भारतीय कायस्थ महासभा तमिल संघम अ.भा. कायस्थ महासभा (महिला प्रकोष्ठ) जानवी शिक्षा एंव समाज कल्याण समिति पावर ऑफ वूमेन नई सोच हमारी कल्पना क्षत्रीय करणी सेना वैश्य महासम्मेलन म.प्र.व्यंकटेश महिला सषक्तिकरण समिति समानता लेडीज क्लब संस्कारणानी आयोध्या वासी वैष्य गुप्ता समाज वृन्दा फाउंडेशन नामदेव महिला विकास समिति म.प्र.तैलिक साहू महिला महासभा भार्गव ब्राम्हण महिला समिति ताम्रकार महिला मंडल खंडेलवाल महिला मंडल नवरंग कत्थक कला मंदिर नाट्य लोक संस्था झा आर्ट्स व्ही.के. स्टूडियों, श्याम बैंड, श्रीराधा नाम संकीर्तन मंडल जबलपुर श्रीराधा रमण मंदिर (इस्कॉन) का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शरद ताम्रकार, मनोज सेठ एवं आभार उज्वल पचौरी ने व्यक्त किया इस अवसर पर रंजीत सिंह, आशुतोष दीक्षित, मथुरा चौबे, अभिमन्यु जैन, कपिल दुबे, आशीष महाराज, दुर्गा उपाध्याय, रामबाबू विश्वकर्मा, मोहन कश्यप, श्वेता सिंह, प्रीति ताम्रकार, सुधा तिवारी, राधा झरिया, सारिका सेठ, आभा जैन, संगीता नायडू, प्रियंका पोद्दार, मुन्नीलाल अहिरवार, प्रवीण जैन आदि उपस्थित थे।

## संगठन संघर्ष वर्ष 2025 के तहत कांग्रेस का वार्ड भ्रमण अभियान आज सुदर्शन वार्ड, रांझी में

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के आह्वान पर संगठन संघर्ष वर्ष 2025 के अंतर्गत जबलपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वार्ड भ्रमण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यह अभियान कल दिनांक 27 मार्च 2025, बुधवार को सुदर्शन वार्ड, रांझी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत रांझी बड़ा पत्थर से प्रात: 10:00 बजे होगी।

इस अभियान का उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना तथा जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होकर वार्ड भ्रमण करेंगे और पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने का संकल्प लेंगे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर सभी कांग्रेस जनों से अपील करती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाएं।

### निगमायुक्त प्रीति यादव ने मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से रखने अधिकारियों की लगाई विशेष डयूटी

## ईदुल फितर पर्व पर नगर निगम की व्यवस्थाएँ चाकचौबंध

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दिनांक 31 मार्च को ईदुल फितर का त्यौहार मनाया जायेगा। जिसके लिए नगर निगम की व्यवस्थाएँ शहर के सभी मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रो में चाकचौबंध है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने इसके लिए अधिकारियों को विशेष रूप से डयूटी लगाकर मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से रखने के निर्देश दिये हैं। निगमायुक्त के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में मुश्तैद रहकर व्यवस्थाओं पर स्वयं निगरानी रखेगें। नगर निगम द्वारा मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश एवं अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था कराई है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि सभी मस्जिदों के आस-पास सफाई हेतु कर्मचारियों डयूटी लगाकर सफाई कराना, मुस्लिम क्षेत्र में साफ-सफाई, फॉगिंग, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव, नाला नालियों की साफ-सफाई, डोर टू डोर कचरा उठवाना, चूने की लाइन डलवाना, एवं धुलाई करवाकर सेनेटाईजेशन कराना, मस्जिद एवं ईदगाह के आस-पास समुचित प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था, एवं आवारा पशुओं को पकड़ने आदि कार्यो को संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं। उपरोक्त कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतने की भी निगमायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी है।

## सूने मकान का ताला तोडकर चोरी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना घमापुर में पूजा बाल्मीक उम्र 27 वर्ष निवासी चांदमारी शुक्ला होटल घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कढ़ाई का काम करती है । बीच वह अपनी बेटी को अच्छे मिया का बाड़ा स्कूल लेने के लिये गयी थी उसकी देवरानी नेहा बाल्मीक जोन आफिस बच्ची का अधारकार्ड में नाम जुड़वाने गयी थी, वह लगभग 1-45 बजे घर वापस आयी देखी उसके घर के दरवाजे के ताले टूटे हुये पड़े थे अंदर जाकर देखी उसकी एवं देवरानी की आलमारी के ताले खुले हुये थे तथा सामान बिखरा हुआ था उसकी आलमारी में रखी सोने की पंचाली, बच्चे के बाले, हाय चंद्रमा, नथनी, चांदी की हाफ करधन पायल, कंगन तथा देवरानी के आलमारी मे रखा सोने का मंगलसूत्र एवं हम दोनों की आलमारी मे रखे नगदी लगभग 20 हजार रूपये गायब थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर चोरी कर ले गया है।

## मुस्लिमों को ईद पर सौगाते मोदी देने की घोषणा मुस्लिमों को रिझाने चुनावी झुनझुना

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश चौधरी,एड तेज कुमार भगत,शिवनाथ चौधरी आलम,कमलेश धापोड़कर दीपक चौधरी,शुभम चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मुस्लिमों को ईद के मौके पर सौगात में कपड़े,अनाज की किट देने की घोषणा को लेकर आबाक्स ने निंदा करते हुए कहा कि 11 सालों में 22 बार ईद इस देश में ईद मनाने की तैयारी हो रही है परंतु प्रधानमंत्री जी को आज 11 सालों के बाद मुस्लिमों को ईद पर सौगात देने की याद आई दुर्भाग्य की बात है कि रोजाना भारतीय जनता पार्टी के नेता और सरकार में बैठे जवाबदार नफरत के बीज बोने से बाज नहीं आते जब तक मुस्लिमों के खिलाफ बोलकर अपनी भड़ास नहीं निकालते तब तक उनका खाना भी नहीं पचता वही केंद्र सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री मोदी 32 लाख लोगों को ईद में किट देने की घोषणा कर मुस्लिमों को अपनी तरफ रिझाने की कोशिश कर रहे है।देश में मॉब लीचिंग, बुल्डोजर से बेगुनाहों के घर गिराना,तीन तलाक, वक्फ बोर्ड बिल तथा धार्मिक स्थलों को लेकर मुस्लिमों को परेशान करना जैसी अनेक घटनाएं हुई है जिस पर मोदी जी ने कभी भी इस वर्ग के लोगों के लिए संवेदना व्यक्त नहीं की परंतु देश में अल्पसंख्यकों का विश्वाश खो चुके मोदी जी ने राजनैतिक हथियार के रूप में ईद के इस मौके पर मुस्लिमों को सौगातें ए मोदी किट देने की घोषणा को बिहार चुनाव में भाजपा की मुकम्मल पराजय को टालने के मकसद से मुस्लिमों के आक्रोश को दबाने के लिए झुनझुना लाया गया है।जिसकी आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ निंदा करता है।

## एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लॉन्च की आईपीटीवी सर्विस

इंदौर-आरएनएस- भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने पूरे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी आईपीटीवी सेवाएँ शुरू की, जो ग्राहकों को बेहतरीन बड़ी स्क्रीन पर कंटेंट देखने का अनुभव प्रदान करती है। इस सेवा के तहत ग्राहकों को सोनी लिव, नेटफ्लिक्स, एप्पल टीवी+, अमेजन प्राइम, जी5 सहित 29 प्रमुख स्ट्रीमिंग ऐप्स, 600 से अधिक लोकप्रिय टीवी चैनल और वाई फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी।

यह सेवा ?599 से शुरू होने वाले प्लान्स में मिलेगी। एक शुरुआती ऑफ़र के रूप में, सभी एयरटेल ग्राहकों को आईपीटीवी प्लान की खरीद पर 30 दिनों तक की नि:शुल्क सेवा मिलेगी, जिसका लाभ एयरटेल थैंक्स ऐप के माध्यम से उठाया जा सकता है। लॉन्च के मौके पर भारती एयरटेल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति में मनोरंजन हमेशा से महत्वपूर्ण स्थान रखता आया है। आज हम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी एडवांस्ड आईपीटीवी सेवा लॉन्च कर बेहद उत्साहित हैं। यह सेवा हमारे ग्राहकों को एक बेहद शानदार और इमर्सिव अनुभव देगी। हमें पूरा विश्वास है कि इस लॉन्च के साथ हम मनोरंजन के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करेंगे, जो मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लोगों की उम्मीदों और इच्छाओं के अनुरूप होगा।

### उत्तर मध्य विधानसभा में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से हुआ अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन


## उत्तर मध्य विधानसभा के विकास के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा-राकेश सिंह

### विधानसभा का व्यवस्थित और भविष्योन्मुखी विकास मेरा लक्ष्य- डॉ अभिलाष पांडे




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा में बुधवार को लोकनिर्माण विभाग के अनेक कार्यों का भूमि पूजन मध्यप्रदेश शासन में लोक निर्माण मंत्री माननीय राकेश सिंह एवं उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे द्वारा किया गया।इस दौरान जबलपुर नगर निगम में अध्यक्ष रिंकू विज एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश शासन में लोक निर्माण मंत्री माननीय राकेश सिंह ने कहा कि इस बार के बजट में केवल जबलपुर में ही मध्यप्रदेश शासन की ओर से लोक निर्माण विभाग द्वारा 3200 करोड़ रुपए के कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है पहले जहां जबलपुर में एक भी बड़ा फ्लाई ओवर नहीं था अब फ्लाईओवरों को एक बड़ी श्रृंखला बनने जा रही है जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे सदैव ही विधानसभा के व्यवस्थित विकास और कार्यों के लिए प्रयासरत रहते हैं और एक बड़ा विजन लेकर कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें मध्यप्रदेश सरकार लोक निर्माण विभाग के माध्यम से उनकी प्रत्येक मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करता है और इसी का परिणाम है कि आज चार बड़े कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है और विधायक जी के द्वारा अभी जो प्रस्तावित मांगे हैं हम उन्हें भी जल्द पूरा करने की कोशिश करेंगे। विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने मध्यप्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री माननीय राकेश सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि मेरा पहले दिन से ही ये प्रयास रहा है कि उत्तर मध्य विधानसभा में एक व्यवस्थित और भविष्योन्मुखी कार्यों को किया जाए जिसके लिए मेरे द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं । डॉ पांडे ने कहा कि हमारा लक्ष्य 5स ( सेवा , शिक्षा, स्वास्थ्य , सुरक्षा, संस्कार) पर केंद्रित रहकर विकास को आगे बढ़ाने का है आज अहिंसा चौक से दीनदयाल चौक तक मार्ग निर्माण कार्य लागत राशि 338 लाख रुपये एवं दीनदयाल लेक से ग्रीन सिटी तक सड़क निर्माण लागत राशि 252.01 लाख रुपये के कार्यों का भूमिपूजन लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना से यह मार्ग क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएँ सुनिश्चित करेगा। विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने माननीय मंत्री जी को उत्तर और पश्चिम विधानसभा को जोड़ने वाले ओवरब्रिज के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रस्तावित दीनदयाल फ्लाईओवर के कार्य को शुरू करने की मांग की जिस पर माननीय मंत्री जी ने जल्दी इसके लिए कदम उठाने की बात कही, उखरी चौक से मेहता पेट्रोल पंप तक फोर लेन बनाए जाने एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए अनेक मांग रखी जिस पर माननीय मंत्री जी ने आने वाले समय में उत्तर विधानसभा के अनेक कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर अश्विनी परांजपे, पंकज दुबे,रूपा राव,पार्षद कमलेश अग्रवाल,मोनिका पुष्पेंद्र सिंह,रेणु कोरी,सोनिया रंजीत सिंह,मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पांडे,जागृति शुक्ला,योगेश बिलोहा,राहुल रजक,पवन तिवारी,शैलेन्द्र राजपूत,राजेश तिवारी,नितिन मिश्रा,अंकित पाठक भाजपा पदाधिकारी गण, पार्षद गण,जनमानस की उपस्थिति रही।

## तिल एवं रामतिल फसल पर कृषि विस्तार अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (तिल एवं रामतिल) के समन्वयक डॉ. ए.के. विश्वकर्मा के निर्देशन पर राष्ट्रीय तिलहन ओर ऑयल पाम मिशन के अंतर्गत अटारी, जोन-प, जबलपुर मे दो दिवसीय तिल एवं रामतिल विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

जिसमें जबलपुर जिले के 7 ब्लाक से 20 कृषि विस्तार अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. एस.आर.के सिंह (निदेशक - अटारी जोन- प,जबलपुर) रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव (अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय जबलपुर ),परियोजना समन्वयक डॉ. ए.के. विश्वकर्मा एवं संस्था के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.रजनी बिसेन एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नम्रता जैन की गरिमामय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर परियोजना समन्वयक डॉ.ए.के.विश्वकर्मा द्वारा कृषि विस्तार अधिकारियों को टिकाऊ कृषि एवं तिलहन उत्पादन हेतु मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया गया। संस्था के कृषि वैज्ञानिक एवं राष्ट्रीय तिलहन ओर ऑयल पाम मिशन की नोडल अधिकारी डॉ. नम्रता जैन ने तिल और और रामतिल की उन्नत उत्पादन तकनीक पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर संस्था के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.रजनी बिसेन द्वारा तिल एवं रामतिल की उन्नत किस्मों के बारे में जानकारी प्रदान की एवं वरिष्ठ तकनीकी सहायक श्री वी.के.कटारा द्वारा कृषि विस्तार अधिकारियों को तिल एवं रामतिल प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिवस समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. जे.एस. मिश्रा (निदेशक - खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर), विशिष्ट अतिथि डॉ.एस.आर.के सिंह (निदेशक अटारी जोन - प्(,जबलपुर ) की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण के दौरान प्रधान वैज्ञानिक डॉ.आर. पी.दुबे द्वारा तिल और रामतिल में खरपतवार प्रबंधन के सिद्धांतों को बताया गया साथ ही वैज्ञानिक डॉ. हरिश एम. एन. द्वारा तिल और रामतिल के लिए एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में बताया गया, वैज्ञानिक डॉ. के. एन. गुप्ता द्वारा तिल एवं रामतिल फसलों मे पौध संरक्षण के बारे मे जानकारी प्रदान की एवं मृदा विज्ञान मे सहायक प्रोफेसर डॉ. आर.के साहू के द्वारा जैव उर्वरक इकाई का भ्रमण कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रशिक्षण के लिए आए कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसआरएफ रामकुमार पटेल एवं आभार प्रदर्शन फील्ड असिस्टेंट देव्यरत्न उइके के द्वारा किया गया।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना मझगंवा मे श्रीमती प्रतिभा पटैल उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम मझगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका मायका ग्राम भटुली में हैं उसकी शादी मझगवां निवासी राजेन्द्र पटैल के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी, शादी में उसके माता पिता ने अपनी सामर्थता के अनुसार गृहस्थी का सामान दिया था, ससुराल वाले शादी के बाद कुछ दिन तक उसे अच्छे से रखा लगभग 2 माह बाद पति राजेन्द पटैल, ससुर राममिलन पटैल, सास रामकली बाई पटैल दहेज में मोटर सायकल नहीं देने की बात पर उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे



# कम्प्यूटर के आंकड़ों में हेराफेरी करके 21 करोड़ 75 लाख डकार गए

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** धान परिवहन घोटाले में कुल 30 करोड़ 14 लाख रुपयों के हेरफेर की बात सामने आई थी। इसमें 7200 मीट्रिक टन धान को फर्जी तरीके से ऑनलाइन पोर्टल पर चढ़ाने का आकलन किया गया था। इसकी कीमत 16 करोड़ 54 लाख लगाई गई थी। वहीं इससे पहले 28 फरवरी को 22 लोगों पर 5 करोड़ 21 लाख रुपयों की धान की फर्जी एंट्री के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इस प्रकार 21 करोड़ 75 लाख रुपए का फर्जीवाड़ा तो केवल फर्जी एंट्री के जरिए ही हो गया था लेकिन चौंकाने वाली बात हैं कि खरीदी की पहली कड़ी सर्वेयर पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। फर्जी एंट्री के साथ ही कम धान, घटिया धान, गीली धान, मिलावटी धान और सड़ी हुई धान भी यदि गोदामों में जमा होती है तो उसमें सर्वेयर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। धान परिवहन घोटाले में जिस प्रकार 74 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई, उसी प्रकार सर्वेयरों और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों पर भी गाज गिरनी चाहिए। 20 मार्च को पूरे प्रदेश में सनसनी मचाते हुए धान परिवहन घोटाले के 74 आरोपियों पर एक साथ 12 थानों में 12 एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें बताया गया थाकि 16 करोड़ 54 लाख रुपयों की धान की फर्जी एंट्री की गई थी। इस मामले में मप्र स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक सहित राइस मिलर्स और सोसायटी के प्रबंधकों तक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी लेकिन फर्जी एंट्री करने वाले एक भी सर्वेयर पर कार्रवाई नहीं की गई जबकि 28 फरवरी को 5 करोड़ 21 लाख के घोटाले के मामले में 5 सर्वेयरों पर भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी। सबसे जिम्मेदारी का काम बताया जाता है कि चाहे धान हो या गेहूं की खरीदी सबसे बड़ी जिम्मेदारी सर्वेयरों को ही सौंपी जाती है। जैसे ही किसान उपार्जन केन्द्र पहुंचता है सबसे पहले उसकी फसल की जांच सर्वेयर के द्वारा ही की जाती है और वही बताता हैं कि फसल कैसी है। इस दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भी मौजूद होता है। इसके बाद सर्वेयर ही दर्ज करता हैं कि किसान कितना अनाज लाया है, यदि फर्जी एंट्री की गई तो सर्वेयर ही यह काम कर सकता है। निजी हाथों में सर्वेयर का जिम्मा सर्वेयर तैनात करने के लिए भोपाल स्तर से ठेका होता है जिसमें छात्रों तक को सर्वेयर बनाया जाता है। ऐसे में बहुत से सर्वेयर तो अनाड़ी होते हैं उन्हें पता तक नहीं होता हैकि करना क्या है। उपार्जन केन्द्र में बैठे समिति प्रबंधक या अन्य लोग जैसा बोलते हैं वैसा सर्वेयर करता रहता है। ऐसे में पूरी उपार्जन की प्रक्रिया ही संदेह के दायरे में आ जाती है।

## शिकायत सत्यापन के बाद लोकायुक्त ने दर्ज किया मामला

# महिला हवलदार ने मांगी दस हजार की रिश्वत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । विजय नगर थाने में पदस्थ महिला हवलदार ने एक मामले की केस डायरी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बदले 10 हजार की घूस मांगी थी। बाद में 5 हजार में सौदा तय हुआ था। प्रार्थी द्वारा इसकी शिकायत लोकायुक्त संगठन से की गई थी। लोकायुक्त द्वारा शिकायत का सत्यापन कराए जाने के बाद महिला हवलदार पिंकी रजक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार अधिवक्ता स्वप्निल सराफ ने लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में शिकायत देकर बताया कि उनके मौसेरे भाई राहुल सोनी के खिलाफ विजय नगर थाने में अपराध क्रमांक 515-2024 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले की विवेचना महिला हवलदार पिंकी रजक द्वारा की जा रही थी। जब वे केस की जानकारी लेने के लिए थाने पहुंचे तो केस न्यायालय में प्रस्तुत करने के एवज में उनसे 10 हजार रुपये की मांग की गई। प्रार्थी द्वारा इसकी शिकायत लोकायुक्त से की गई थी। शिकायत को जांच में लेते हुए लोकायुक्त टीम द्वारा प्रार्थी को रिकॉर्डिंग डिवाइस देकर महिला हवलदार के पास भेजा गया। बातचीत के दौरान दस हजार की जगह 5 हजार में सौदा तय हुआ। बातचीत की रिकॉर्डिंग व अन्य साक्ष्यों के आधार पर लोकायुक्त ने महिला हवलदार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है।

# पीएफ के लिए डेढ़ लाख की रिश्वत लेते पीए गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** लंबित भविष्य निधि की राशि 60 लाख का भुगतान करने के एवज में 5 लाख की रिश्वत मांग की गई थी। पहली किश्त के रूप में डेढ़ लाख मांगे गए थे। इसकी शिकायत सीबीआई जबलपुर से की थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए टीम ने सोमवार की शाम डेढ़ लाख की रिश्वत लेते उप क्षेत्र प्रबंधक के पीए उमाशंकर तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।

पीए को गिरफ्तार कर उसके घर व दफ्तर की जांच कर मामले से जुड़े दस्तावेजों को जब्त किया है। मामले में कोयला खान भविष्य निधि आयुक्त जबलपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कटनी बरही निवासी राज कुमार बर्मन ने जबलपुर सीबीआई को शिकायत देकर बताया था कि उसके पिता बाबू नंदन बर्मन कुड़री कोल माइंस में कार्यरत थे। उनकी मौत 14 मई 2021 को हो गई थी। पिता की मौत के बाद वह कई बार पिता की लंबित भविष्य निधि की राशि जारी करने के लिए नौरोजाबाद एरिया कार्यालय गया।

वहां पर उसकी मुलाकात पीएफ पीए उमाशंकर तिवारी से हुई। पीए ने उन्हें बताया कि पीएफ राशि 50 से 60 लाख रुपए है। इस राशि का भुगतान कराने के लिए उमाशंकर ने उसे कोयला खान भविष्य निधि क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर बुलाया। यहां उसकी मुलाकात आयुक्त से कराई और फिर कार्यालय के बाहर आने के बाद काम होने का भरोसा दिलाते हुए 5 लाख की रिश्वत मांगी। इस राशि से ढाई लाख रुपए आयुक्त को देने की बात की थी। वहीं पहली किश्त के रूप में डेढ़ लाख मांगे।

### देशी 1 पिस्टल एवं 2 कारतूस, 7 चाकू, 4 तलवार, 1 लोहे की राड जप्त

जबलपुर.- थाना प्रभारी रांझी श्री मानस द्विवेदी ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक लड़का सफेद रंग की बोरी में बहुत सारे हथियार लिये किसी को बेचने के लिये बड़ा पत्थर मरघटाई में शंकर जी के मंदिर के सामने बैठा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का लड़का हाथ में सफेद रंग की बोरी लिये दिखा उक्त अपचारी बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया तलाशी

# एमपी में लोहा कारोबारी के ठिकानों पर जीएसटी रेड, एक साथ कई जिलों में हुई छापामारी

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्य प्रदेश में जीएसटी विभाग ने छापेमार कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि लोहा कारोबारी के ठिकानों पर जीएसटी टीम द्वारा दबिश दी गई है। जानकारी ये भी है कि, टीम ने एक साथ एमपी के जबलपुर, छिंदवाड़ा और कटनी जिले में स्थित कारोबारी के ठिकानों पर छापामारी की है। फिलहाल, जांच दल ठिकानों पर दबिश देकर दस्तावेजों की जांच कर रहें हैं। जांच पूरी होने के बाद ही मामले के संबंध में खुलासा हो सकेगा। बुधवार सुबह स्टेट जीएसटी की टीम ने लोहा कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी। एक साथ जबलपुर, छिंदवाड़ा और कटनी में छापा मारा है। भेड़ाघाट स्थित ग्लोबल स्टील और राइट टाउन में गोल्डविन इस्पात, छिंदवाड़ा के केजीएन इंटरप्राइजेज और तीरथ राज एंटरप्राइजेज पर छापा पड़ा।

**हो सकता है बड़ा खुलासा**

वहीं, कटनी जिले में बोगस फर्म के नाम पर कारोबार उजागर हुआ है। प्रारंभिक जांच में जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है। फिलहाल, जीएसटी की टीम सभी प्रतिष्ठानों के दस्तावेजों की जांच कर रही है। छापे वाले जगहों पर स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। माना जा रहा है कि मामले की जांच के बाद बड़ा खुलासा हो सकता है।

# शराब पीने के लिये रूपयों की मांग कर दो पक्षों ने की आपस में मारपीट

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना बरेला में मारपीट में घायलों को उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल में लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को दीपक यादव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम पिंडरई ने बताया कि वह मुर्गी पोल्ट्री फार्म का संचालन करता है वह, नरेन्द्र यादव एवं नीरज यादव पोल्ट्री हाउस मे बैठे थे तभी बाजू वाले खेत मे काम कर रहे पंजाब हरियाणा से आये जयगोपाल, वीरेन्द्र साई, जगतार सिंह , गोविंदा बाजीगर आये और शराब पीने के लिये गिलास एंव एक हजार रूपये की मांग करने लगे, हम लोगों ने मना किया तो सभी गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगे जयगोपाल ने टेक्टर से लोहे की राड निकालकर एवं वीरेन्द साई ने लोहे का पट्टा से हम तीनो के साथ मारपीट कर सिर में चोटें चोट पहुँचा दी

**कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर**

पत्र क्रं./बा.वि./2025/2008 दिनांक 26/03/2025

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती रोशनी सोनी, पति- श्री सुरेश कुमार सोनी एवं श्रीमती मीना सोनी, पति श्री महेश कुमार सोनी** द्वारा **आवेदन पत्र,एवं विक्रय पंजीयन पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम मार्केट दुकान क्रं. 15 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.57 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाजार अधीक्षक
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर**

पत्र क्रं./बा.वि./2025/2009 दिनांक 26/03/2025

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री कृष्ण कुमार अग्रहरि, पिता- स्व. श्री कुंजीलाल अग्रहरि** द्वारा **आवेदन पत्र,एवं विक्रय पंजीयन पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **निवाड़गंज किराना चूना मार्केट दुकान क्रं. 133 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.57 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाजार अधीक्षक
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम,जबलपुर**

पत्र क्रं./बा.वि./2025/2007 दिनांक 26/03/2025

**दुकान नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री संजय असाटी, पिता- स्व. श्री गोरेलाल असाटी** द्वारा **आवेदन पत्र,एवं विक्रय पंजीयन पत्र** के आधार पर निगम स्वामित्व की **पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम मार्केट दुकान क्रं. 32 में** नया अनुज्ञप्तिधारी के रूप पर नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया हैं। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिवस में कार्यालय बाजार अधीक्षक, कमरा नं.57 नगर निगम जबलपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

बाजार अधीक्षक
नगर निगम जबलपुर

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 210
2024-2025 दिनांक 25/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती कुसुमलता जायसवाल, पति- श्री प्रहलाद राय जायसवाल** भवन क्रंमाक 1310/12 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000426441 जलकर पिन नं. 2400746, पर **पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री प्रहलाद राय जायसवाल, पिता राजाराम जायसवाल, **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड** , निर्मित भूतल 850 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - ........
2024-2025 दिनांक 26/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री श्रीनिवास भारती, पिता- रामाशंकर राम** भवन क्रंमाक 1506/पी.एन. 602 के.एच. 260,261/2, 262/1, 263, 264,265 संपत्ति कर/ पिन नं. 1000430969 जलकर पिन नं. ........, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती राधिका देवी चौधरी, पति- श्री रमाशंकर राम चौधरी, **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 800 व.फु., निर्मित भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 800 व.फु. आर.सी.सी., **हकत्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 565/ 2024/2025 दिनांक 19.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, **श्रीमती छाया साहू, पति - श्री सुरेश साहू** ने भूखंड क्रं. 24,25 का भाग पिन क्र. 2000160163 का भाग **वार्ड क्र. 03, वार्ड त्रिपुरी** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) 1.श्री शुभम अग्रवाल, 2. श्री सुगंध अग्रवाल, 3. श्री विदित पटेल, 4. श्री मावेश पटेल, क्षेत्रफल 900 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -126, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 26.03.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **मेसर्स श्री बाला जी एसोसियेट्स द्वारा पार्टनर श्री आदेश पटेल, पिता- श्री रवि पटेल** ने मकान नं. 3065 पिन नं. 1000589497 **वार्ड चन्द्रशेखर आजाद वार्ड,** क्षेत्रफल 6960 व.फु., **आधार कार्ड, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऑनलाईन पंजीकृत विक्रयपत्र, सुधार पत्र** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्रीमती जसिन्ता सिक्योरा, पति- श्री एन्थोनी मरिया सिक्योरा, मकान नं. मकान नं. 3065 पिन नं. 1000589497 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/715/ दिनांक 25.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री लोकनाथ मिश्रा, पिता- स्व. श्री अयोध्या प्रसाद मिश्रा,** ने मकान नं. 2288 पिन नं....... **वार्ड सेठ गोविन्द दास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 660 व.फु., सीमेन्ट टीन 360 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2288 रबिन्द्र भारती स्कूल के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/714/ दिनांक 25.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री दशरथ प्रसाद काछी, पिता- स्व. श्री दादूराम काछी,** ने मकान नं. 1505 पिन नं....... **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड ,** भूतल सीमेंट टीन 700 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1505 शिवशक्ति मंदिर के सामने पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/713/ दिनांक 25.03.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्री शिवनाथ कुशवाहा, पिता- स्व. श्री रामविशाल कुशवाहा, 2. श्री अक्षांश कुशवाहा, पिता- श्री शिवनाथ कुशवाहा** ने मकान नं. 2469 पिन नं....... **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर. सी.सी. 629 व.फु., सीमेंट टीन 136 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी विक्रय पत्र, सहमति पत्र ,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.2469 चुंगी चौकी बमरा नगर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-09 लालमाटी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/347
2024-25 दिनांक 24/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1002874911** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती कशिश आहूजा, पिता श्री शंकर आहूजा एवं श्री शंकर आहूजा, पिता श्री लालचंद आहूजा** के स्थान पर आवेदक **श्री इन्दर पाल सिंह नरूला, पिता श्री जगपाल सिंह नरूला** ने **मकान नं. फ्लेट नं. 403 सुप्रीम कैसल अपार्टमेंट वार्ड क्र.- 14 , नरसहिं वार्ड,** चुतर्थतल 900 व.फु, **दस्तावेज- विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/346
2024-25 दिनांक 22/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000508562** में पंजीकृत भवन स्वामी **स्व. श्री सतवंत सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती हारदीप ( हरदीप ) कौर, पति- स्व. श्री सतवंत सिंह, 2. श्री संदीप सिंह एवं श्री मनप्रीत सिंह दोनों के पिता स्व. सतवंत सिंह** ने **मकान नं. 1327 वार्ड क्र.- ..... , जार्ज डिसिल्वा वार्ड,** भूतल 510 व.फु, भूतल 390 व.फु., प्रथमतल 900 व.फु. , **दस्तावेज- शपथ पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/345
2024-25 दिनांक 22/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000511298** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती सरिता तिवारी** के स्थान पर आवेदक **कुमारी संस्कृति तिवारी, पिता श्री हनुमान प्र.तिवारी, एवं श्री हनुमान प्र. तिवारी, पिता श्री रूद्री प्र. तिवारी** ने **मकान नं. 2193/ए वार्ड क्र.- ..... , पं बनारसी दास भनोत वार्ड,** क्षेत्रफल 528 व.फु., भूतल 300 वफु, प्रथमतल 200 व.फु. , **दस्तावेज- संयुक्त शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खसरा कापी** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/344
2024-25 दिनांक 24/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000620735** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री रामादासान के. आत्मज श्री के. माधव मेनन** के स्थान पर आवेदक **श्री थामस पी. जार्ज, पिता- श्री पी.जी. जार्ज,** ने **मकान नं. 1087/एल.आई.जी.- 22 वार्ड क्र.- ..... ,गुप्तेश्वर वार्ड,** क्षेत्रफल 450 व.फु., द्वितीयतल 450 व.फु. , **दस्तावेज- विक्रय पत्र , एवं म.प्र. हा.बोर्ड से नामातरण आदेश प्रति,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/343
2024-25 दिनांक 21/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000620280** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्रीमती मीरा देवी चन्दानी, पति- श्री किशन चंद चन्दानी** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती सुमन चौरसिया, पति- श्री राजू चौरसिया,** ने **मकान नं. 969/व्ही- 16, वार्ड क्र.- ..... ,गुप्तेश्वर वार्ड,** प्रथमतल 330 व.फु. , **दस्तावेज- विक्रय पत्र एवं हस्तांतरण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/342
2024-25 दिनांक 24/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1004456651** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री चन्द्रशेखर आजद सिंह, पिता- श्री गायत्री प्रसाद सिंह** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती आशारानी तिवारी, पति - श्री सुरेश प्रसाद तिवारी** ने **मकान नं. प्लाट नं. 49,50,51,52,53,54 का भाग, वार्ड क्र.- 14 ,नरसिंह वार्ड,** क्षेत्रफल 5000 व.फु. खुली भूमि, **दस्तावेज- विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/341
2024-25 दिनांक 24/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000508735** में पंजीकृत भवन स्वामी **मेसर्स जी. एस.बी. कस्ट्रक्शन प्रा.लि.द्वारा मैनेजिग डायरेक्टर गुरविन्दर सिंह भसीन** के स्थान पर आवेदक **श्री प्रभजीत सिंह बसूर, पिता श्री दलजीत सिंह बसूर एवं श्रीमती बिन्नी बसूर, पति श्री प्रभजीत सिंह बसूर** ने **मकान नं. 498-499, वार्ड क्र.- 12 ,............ वार्ड,** भूतल 1790 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/340
2024-25 दिनांक 24/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1004694519** में पंजीकृत भवन स्वामी **मेसर्स जी. एस.बी. कस्ट्रक्शन प्रा.लि.द्वारा अधिकृत मैनेजिग डायरेक्टर गुरविन्दर सिंह भसीन** के स्थान पर आवेदक **श्री प्रभजीत सिंह बसूर, पिता श्री दलजीत सिंह बसूर एवं श्रीमती बिन्नी बसूर, पति श्री प्रभजीत सिंह बसूर** ने **मकान नं. 498-499, वार्ड क्र.- 12 ,............ वार्ड,** भूतल 1790 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/339
2024-25 दिनांक 24/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000508499** में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री संजय रिछारिया, पिता श्री के.बी. रिछारिया** के स्थान पर आवेदक **श्रीमती विशाखा महापात्रा, पति-स्व. श्री पार्थ महापात्रा** ने **मकान नं. 500/ फ्लेट नं. 204, वार्ड क्र.- 12 ,............ वार्ड,** द्वितीयतल 1150 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-04
नगर निगम जबलपुर

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999